दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-90 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 14 मई 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


### बापू की बातें



क्या मैं ब्रह्मचर्य, सत्य और अहिंसा को महज इसलिए त्याग दूँ कि मेरे चारों ओर इनके विपरीत आचरण किया जा रहा है? नहीं, मुझे अपना कार्य इस विश्वास के साथ जारी रखना होगा कि मेरा तरीका सही है, भले ही इस तरीके से काम करने वाला अकेला में ही क्यों न रह जाऊँ।

(09.05.1925 : तालटोला के कार्यकर्ताओं की बैठक में दिए गए भाषण का अंश: सं.गां.वां. खंड 27 : पृष्ठ 67)

## नीट-यूजी पेपरलीक मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, याचिका में एनटीए को हटाने की मांग

नई दिल्ली, (आरएनएस)। नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। दायर याचिका में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को हटाकर नई संस्था गठित करने की मांग की गई है। साथ ही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से चार सप्ताह के भीतर स्थिति रिपोर्ट मांगे जाने की भी अपील की गई है। यह याचिका फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फैमा) की ओर से दायर की गई है। याचिका में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में व्यापक सुधार और न्यायालय की निगरानी में परीक्षा दोबारा कराने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता की प्रमुख मांगों में कहा गया है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को या तो पूरी तरह बदल दिया जाए या उसमें बड़े स्तर पर सुधार कर एक नई, मजबूत, आधुनिक और स्वतंत्र संस्था बनाई जाए। याचिका में नीट-यूजी 2026 परीक्षा दोबारा आयोजित कराने की अपील भी की गई है। याचिका के अनुसार, दोबारा होने वाली परीक्षा की निगरानी न्यायालय द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति करे। समिति की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को सौंपने की मांग की गई है। इसके साथ ही समिति में एक साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ




और एक न्याय वैज्ञानिक को शामिल करने का भी सुझाव दिया गया है। याचिका में यह भी कहा गया है कि जब तक देश में राष्ट्रीय परीक्षा अखंडता आयोग नाम की नई संस्था का गठन नहीं हो जाता, तब तक यही समिति परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा और स्वीकृति का काम करे। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए उन्हें डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने को अनिवार्य बनाने की मांग भी की गई है। पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए परीक्षा को लिखित माध्यम के बजाय कंप्यूटर आधारित प्रणाली से कराने का सुझाव दिया गया है, ताकि प्रश्नपत्रों के भौतिक परिवहन से जुड़े जोखिम समाप्त किए जा सकें।राजस्थान में पेपर लीक मामला सामने आने के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट-यूजी परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया था। मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी गई है।

### 2 भाइयों ने 30 लाख में डॉक्टर से खरीदा था पेपर, फिर देश में हुआ लीक; नीट पेपर लीक में बड़ा खुलासा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। राजस्थान के सीकर से जुड़े कथित नीट 2026 पेपर लीक मामले में जांच एजेंसियों को लगातार बड़े खुलासे मिल रहे हैं। जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड तक फैला हुआ था। आरोप है कि परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र लाखों रुपये में बेचे जा रहे थे। कई आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद एजेंसियां अब पूरे सिंडिकेट की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हैं।

सूत्रों के अनुसार, गुरुग्राम के एक डॉक्टर से जमवारामगढ़ निवासी दो भाइयों—मांगीलाल बिवाल और दिनेश बिवाल—ने 26 और 27 अप्रैल को कथित तौर पर करीब 30 लाख रुपये में NEET का पेपर खरीदा।



नई दिल्ली के मंदिर मार्ग स्थित सेंट थॉमस स्कूल में घोषित सीबीएसई कक्षा 12वीं के नतीजों का जश्न मनाते छात्र।

## विविध-समाचार

### राजस्थान में 48 डिग्री के पार पहुंचा पारा, बाड़मेर रहा सबसे गर्म शहर

#### -पूर्वोत्तर में झमाझम बारिश का अलर्ट

नईदिल्ली (आरएनएस)। उत्तर भारत के कई हिस्सों में सूरज की



तपिश प्रचंड़ होती जा रही है। राजस्थान में पारा 48 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। दूसरी तरफ, पूर्वोत्तर, पूर्व और दक्षिण राज्यों में अंधड़, बारिश, ओलावृष्टि और बिजली गिरने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 11 राज्यों में मौसम खराब होने का पूर्वानुमान जताया है। असम, मेघालय और पश्चिम बंगाल में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है।

राजस्थान का बाड़मेर लगातार तीसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां दिन का तापमान 48.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बुधवार को 3 जिलों में गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवा चलने की संभावना है। बिहार के कई जिलों में तूफानी हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि मध्य प्रदेश में लू चलने के आसार हैं।दिल्ली समेत एनसीआर में 13 मई को आंशिक बादल छाए रहेंगे और शाम होते-होते मौसम में अचानक बदलाव आ जाएगा और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 34-36 डिग्री और न्यूनतम 25-27 डिग्री रह सकता है। अगले 7 दिनों में राजधानी के तापमान में 3-5 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। पंजाब में भी गर्मी फिर से बढ़ने लगी है। इसके चलते कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार चला गया है।

### ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश-लैंड, बाल-बाल बचा पायलट

मुंबई,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के बारामती में पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे के 3 महीने बाद बुधवार को एक और विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर आई है। बताया जा रहा है कि बुधवार को बारामती के गोजुबावी गांव में 2 सीटों वाला एक प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सिर्फ एक पायलट ही सवार था, जो सुरक्षित बताया जा रहा है। विमान कंपनी के अधिकारी, पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर है। विमान में आग नहीं लगी।बुधवार सुबह साढ़े 8 बजे प्रशिक्षु पायलट श्रीपाल अकेले 2 सीट वाले रेडबर्ड एयरवेज का विमान उड़ा रहा था, तभी उसे विमान में खराबी का अहसास हुआ। उसने विमान को आबादी वाले इलाके से दूर निकाला, तभी उसका इंजन फेल हो गया और इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान विमान खाली जमीन पर गिर पड़ा। पायलट पूरी तरह सुरक्षित है। विमान में आग न लगने से वह बाल-बाल बच गया। हादसा उसी गांव में हुआ, जहां अजित का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।

### पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी भबानीपुर से रहेंगे विधायक, नंदीग्राम सीट छोड़ेंगे

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने बुधवार को ऐलान किया कि वह कोलकाता जिले की भबानीपुर विधानसभा सीट नहीं छोड़ेंगे और यहीं से विधायक रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह पुरबा मेदिनीपुर जिले की नंदीग्राम विधानसभा सीट से इस्तीफा देंगे, जिस पर आगे उपचुनाव होगा। उन्होंने कहा, आज भवानीपुर सीट से शपथ ली है, नंदीग्राम से इस्तीफा दूंगा, लेकिन नंदीग्राम के लोगों को यह महसूस नहीं होने दूंगा कि मैं उनकी प्रतिनिधि नहीं हूं।तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भबानीपुर में पढ़ीं और बड़ी हुई हैं।

### सीबीआई डायरेक्टर चयन पर राहुल गांधी की असहमति

नई दिल्ली,(ए.)। प्रधानमंत्री आवास पर मंगलवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नए सीबीआई डायरेक्टर के चयन को लेकर अपनी असहमति जताई है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चयन प्रक्रिया को महज औपचारिकता बनाकर रख दिया गया है और विपक्ष की भूमिका को नजरअंदाज किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और राहुल गांधी शामिल हुए। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। बैठक के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक पत्र साझा करते हुए चयन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर के चयन के लिए सरकार की ओर से 69 उम्मीदवारों की सूची दी गई।

### महाराष्ट्र के सांगली में तेज बारिश और आंधी से बड़ा हादसा, मंदिर की दीवार ढही, 6 लोगों की मौत

सांगली,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के सांगली जिले में तेज बारिश और आंधी के चलते बड़ा हादसा हो गया। यहां मंदिर परिसर की दीवार तेज बारिश और आंधी के कहर को सहन नहीं कर पाई भरभरा कर गिर गई। दीवार ढहने से 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए।यह हादसा उस वक्त हुआ जब इलाके में तेज आंधी के साथ बारिश हो रही थी।

### महंगाई का झटका! अमूल ने देशभर में दूध के दाम दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाए, 14 मई से लागू होगी नई कीमत




नई दिल्ली,(आरएनएस)। देश में महंगाई का एक और बड़ा झटका लगा है. अमूल का दूध महंगा हो गया है. गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) ने अमूल के 1 लीटर दूध पर 2 रुपये की कीमत बढ़ा दी है. बढ़ी हुई कीमतें 14 मई से लागू होंगी. बढ़ी हुई अमूल दूध की यह कीमत सभी वैरिएंट पर लागू होंगे.पिछली बार कीमतों में वृद्धि 1 मई, 2025 को हुई थी. जीसीएमएमएफ ने एक बयान में कहा कि उसने पूरे भारत में प्रमुख दूध बिक्री, प्रकारों, पैकेटों में ताजे पाउच दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है, जो 14 मई से प्रभावी है.आगे कहा गया है कि यह वृद्धि लगभग 2.5 से 3.5 प्रतिशत प्रति लीटर है, जो औसत खाद्य मुद्रास्फीति से कम है. जीसीएमएमएफ ने कहा, यह मूल्य वृद्धि दूध के संचालन और उत्पादन की कुल लागत में वृद्धि के कारण की जा रही है।

## माता और बहनों का सम्मान सर्वोपरि : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### लाड़ली बहना योजना महिलाओं को बना रही आर्थिक रूप से सशक्त

### मुख्यमंत्री ने 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित किये 1835 करोड़ रुपये






**नरसिंहपुर जिले को दी 296 करोड़ रुपये के 40 विकास कार्यों की सौगात**

नरसिंहपुर/भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार के लिये माताओं और बहनों का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना मातृ शक्ति के कल्याण के लिये प्रदेश शासन द्वारा संचालित सबसे बड़ी योजनाओं में से एक है। आज यहाँ पर रक्षाबंधन, भाईदूज और दीवाली सहित सभी त्यौहार एक साथ मनाने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 36वीं किस्त के राशि अन्तरण और हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1835 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 296 करोड़ रुपये लागत के 40 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक संबल देने के साथ ही उन्हें सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अब तक योजना में 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की जा चुकी है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान नरसिंह की यह भूमि रानी दुर्गावती के पराक्रम की साक्षी है। रानी दुर्गावती के सम्मान में प्रदेश सरकार द्वारा जबलपुर और सिंग्रामपुर में कैबिनेट बैठक आयोजित की है। वहीं आदिवासी शहीद भभूत सिंह के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के सम्मान में भी विशेष कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। वर्तमान में प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से 6 पर महिला सांसद हैं, जबकि 27 महिला विधायक एवं 5 महिला मंत्री कार्यरत हैं।

### अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आई, सामने आया कारण



लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव (38) की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आ गई है। उनके शव का परीक्षण किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के पोस्टमार्टम हाउस में डॉक्टरों के एक पैनल ने किया था। पोस्टमॉर्टम को वीडियोग्राफी की निगरानी में किया गया है। इस दौरान पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर सुरक्षा बल तैनात थे और उनके समर्थकों की भीड़ जुटी थी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक, प्रतीक की मृत्यु फेफड़ों की नसों में खून का थक्का जमने से हुई है। जब फेफड़ों में खून नहीं पहुंचा, तो शरीर को ऑक्सीजन नहीं मिली और हृदय-सांस की नली अचानक फेल हो गए। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने आगे की हिस्टोपैथोलॉजिकल जांच के लिए पूरे हृदय और फुफ्फुसीय थ्रोम्बोएम्बोलिक सामग्री को फॉर्मेलिन में संरक्षित किया है।




## कमिश्नर और कलेक्टर ने सोहागपुर में किया वेयरहाउसों का निरीक्षण

### निर्माणाधीन सांदीपनी स्कूल का निर्माण कार्य पूर्ण कर जुलाई में हैंडओवर करने के दिए निर्देश





नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापरम संभाग कमिश्नर श्रीकांत बनोठ एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को अपने प्रशासनिक अमले के साथ सोहागपुर पहुंच कर वहां दो वेयरहाउस का निरीक्षण कर उपार्जन की प्रक्रिया का अवलोकन किया और गेहूं खरीदी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कमिश्नर एवं कलेक्टर सोहागपुर के ग्राम केवलारी के रितु वेयरहाउस पहुंचे उन्होंने गेहूं उपार्जन का निरीक्षण किया साथ ही वहां पर उपस्थित किसानों से उपार्जन संबंधी चर्चा की। खरीदी केंद्र प्रभारी ने बताया कि हम्मालों की कमी के चलते गेहूं तुलाई की प्रक्रिया धीमी है फिर भी यथासंभव जो किसान उपार्जन केंद्र में आ रहे हैं उनकी प्राथमिकता से गेहूं की तुलाई की जा रही है। कमिश्नर श्री बनोठ ने सर्वेयर को निर्देश दिए कि वे किसी भी स्थिति में अमानक गेहूं का उपार्जन न करें। अपितु किसानों से एफएक्यू स्तर का साफ सुथरा गेहूं ही लेवे। उन्होंने निर्देश दिए की ओपन स्टेक की मैपिंग भी अनिवार्य रूप से की जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कमिश्नर को अवगत कराया की गेहूं उपार्जन का अब तक लगभग 80त्न राशि का भुगतान संबंधित किसानों को किया जा चुका है। इस दौरान उन्होंने किसानों के लिए विशेष तौर पर तैयार मेडिकल किट का अवलोकन किया और निर्देश दिए कि यदि कोई किसान बीमार हो रहा है या उसे किसी प्रकार की स्वास्थ्य से संबंधित दिक्कत है तो मेडिकल किट का उपयोग प्राथमिकता से कर किसानों को राहत दी जाए। इस दौरान कमिश्नर ने पटवारी प्राची काकोड़िया को निर्देश दिया कि वह प्रतिदिन वेयरहाउस आकर उपार्जन प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित कराए।

### एक ही गाड़ी पूल कर अधिकारी निकले निरीक्षण पर, एसडीएम सहित अन्य अमला भी रहा एक ही गाड़ी में साथ

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्रीकांत बनोठ, कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ हिमांशू जैन ने कार पूल कर एक ही गाडी से निरीक्षण संपन्न किया। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया आकिप खान ने भी तहसीलदार एवं अन्य अमले के साथ एक ही गाडी का उपयोग निरीक्षण के दौरान किया। वहीं एसडीएम सोहागपुर भी अपने अमले के साथ एक ही गाडी में नजर आई। निरीक्षण के दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंगारे, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी आकिप खान, तहसीलदार वैभव बैरागी सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### गोडाउन सर्वेयर को कारण बताओं

### नोटिस देने के दिए निर्देश

कमिश्नर एवं कलेक्टर ने तत्पश्चात ग्राम बोदी पहुंच कर शक्ति एग्रो सर्विस वेयरहाउस का निरीक्षण किया। बताया गया कि शादी विवाह के चलते हम्मालो की कमी पड़ रही है। रोज 1000 क्विंटल गेहूं की तुलाई की जा रही है, कल 22 किसानों के गेहूं की तुलाई हुई थी। कमिश्नर और कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में रखें गेहूं के ढेर का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान पाया गया कि गेहूं एफएक्यू स्तर का नहीं है, पंखे भी नहीं लगे हैं और गेहूं में अत्यधिक कंकड़ एवं मिट्टी लगी है। कलेक्टर ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त करते हुए गोदाम सर्वेयर को कारण बताओं नोटिस देने के निर्देश दिए। साथ ही हिदायत दी की किसी भी स्थिति में अमानक स्तर का गेहूं ना खरीदा जाए। इस दौरान उन्होंने रिजेक्टेड दो ट्रैक्टर ट्राली को कतार से अलग लगवाने के निर्देश दिए।

### सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी

# भोपाल रीजन के 79.43 फीसदी विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

भोपाल, (आरएनएस.)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार दोपहर में कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम जारी कर दिया है। विद्यार्थी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अथवा डिजीलॉकर, उमंग एप के जरिए अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। मध्य प्रदेश से इस साल सीबीएसई की कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 80,454 विद्यार्थी शामिल हुए थे, इनमें भोपाल शहर के 9,399 विद्यार्थी शामिल हैं। सीबीएसई द्वारा इस बार भोपाल रीजन का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से कमजोर रहा। इस वर्ष भोपाल रीजन में 79.43 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए, जबकि देशभर का औसत पास प्रतिशत 85.20 प्रतिशत दर्ज किया गया। भोपाल रीजन राष्ट्रीय औसत से 5.77 प्रतिशत पीछे रहा। देशभर में इस वर्ष सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम 85.20 फीसदी दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष के 88.39 प्रतिशत की तुलना में 3.19 प्रतिशत कम है। यानी इस बार राष्ट्रीय स्तर पर परिणाम में गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार प्रदर्शन में तिरुवनंतपुरम (त्रिवेंद्रम) रीजन ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया, जहां 95.62 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। इसके

## इस बार भी छात्राओं ने मारी बाजी, मध्य प्रदेश में 12.14 फीसदी विद्यार्थी सभी विषयों में फेल



विपरीत प्रयागराज रीजन का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा और यहां पास प्रतिशत 72.43 दर्ज किया गया। दिल्ली वेस्ट और दिल्ली ईस्ट रीजन ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए 91 प्रतिशत से अधिक परिणाम हासिल किए।भोपाल रीजन के आंकड़ों की बात करें तो यहां हर बार की तरह इस बार छात्रों के मुकाबले छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इस वर्ष 76.87 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए, जबकि छात्राओं का परीक्षा परिणाम 82.19 प्रतिशत रहा। यानी छात्राओं की तुलना में पांच फीसदी अधिक छात्राएं सफल रहीं। हालांकि, भोपाल रीजन में चिंताजनक तथ्य भी सामने आया है कि कक्षा 12वीं में कुल परीक्षार्थियों में से 12.14 प्रतिशत विद्यार्थी ऐसे रहे, जो सभी विषयों में फेल हो गए। भोपाल देश के सबसे बड़े सीबीएसई रीजन में शामिल है। यहां सीबीएसई से संबद्ध कुल 1291 स्कूल हैं। स्कूलों की संख्या के लिहाज से भोपाल, 1483 स्कूलों वाले लुधियाना रीजन के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा रीजन है।सीबीएसई ने 12वीं का रिजल्ट अपनी आधिकारिक वेबसाइट के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जारी किया है। विद्यार्थी अपने रोल नंबर, स्कूल नंबर, एडमिट कार्ड आईडी और जन्मतिथि की मदद से लॉग-इन कर अपनी अंकसूची देख सकते हैं। भारी ट्रैफिक के कारण परेशानी से बचने के लिए बोर्ड ने डिजीलॉकर, उमंग एप का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है।सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के लिए छात्रों को सभी विषयों में कम से कम 33 फीसदी अंक प्राप्त करना आवश्यक है। यदि कोई छात्र दुर्भाग्यवश बोर्ड परीक्षा में एक या दो विषयों में फेल हो जाता है, तो उसे निराश होने की आवश्यकता नहीं है। सीबीएसई ऐसे छात्रों को कंपार्टमेंट परीक्षा में बैठने का अवसर प्रदान करता है। इस परीक्षा के माध्यम से छात्र उसी वर्ष अपनी परीक्षा पास कर सकते हैं और अपना शैक्षणिक वर्ष खराब होने से बचा सकते हैं। बोर्ड जल्द ही कंपार्टमेंट परीक्षा का शेड्यूल जारी करेगा, जिसके बाद आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी।जो छात्र अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, वे वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा छात्र उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी भी मंगा सकेंगे, ताकि वे अपने उत्तरों की समीक्षा कर सकें। बोर्ड जल्द ही इसकी तारीखें जारी करेगा।

## भोपाल में रिटायर्ड जज की प्रेग्नेंट बहू ने लगाई फांसीः आखिरी कॉल मेजर भाई को, बोली- अब बर्दाश्त नहीं होता, मुझे ले चलिए भैया

भोपाल(आरएनएस.)। भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में रिटायर्ड महिला जज की प्रेग्नेंट बहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बेटी के हाथ और कान पर चोट के नीले निशान हैं। मृतक की पहचान 31 वर्षीय ट्विशा शर्मा के रूप में हुई। ट्विशा मूल रूप से नोएडा की रहने वाली थी। उसकी शादी करीब एक साल पहले भोपाल निवासी वकील सामर्थ शर्मा से हुई थी। ट्विशा का भाई हर्षित शर्मा भारतीय सेना में मेजर है। उसने बताया कि मंगलवार रात ट्विशा ने उन्हें फोन किया था। कहा था कि उसका पति पिछले 8 दिन से प्रताड़ित कर रहा था। छोटी-छोटी बातों पर उसका अपमान किया जा रहा है। मानसिक उत्पीड़न बढ़ गया है।उसने बताया था कि वह भोपाल छोड़कर मायके लौटना चाहती है। परिवार के अनुसार, उसने नोएडा आने के लिए रिजर्वेशन भी करा लिया था, लेकिन इससे पहले उसकी मौत की खबर आ गई। परिजन का आरोप है कि फोन पर बात होने के कुछ समय बाद सास का कॉल आया। सास ने बताया कि ट्विशा की मौत हो चुकी है और उसने घर में फांसी लगा ली है। इसके बाद मायके वाले भोपाल पहुंचे। मेजर हर्षित का आरोप है कि शादी के शुरुआती समय तक सब सामान्य था। नौकरी छोड़ने के बाद ट्विशा के साथ व्यवहार बदल गया। उसे नाकारा कहकर ताने दिए जाते थे।



# भोपाल में मुस्लिम युवक से मारपीट के विरोध में रातभर मचा बवाल, भीड़ ने किया पथराव, पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले

### - पुराने शहर के संवेदनशील इलाकों में धारा 144 लागू





भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के पुराने शहर में मंगलवार रात उस समय तनाव बढ़ गया, जब एक मुस्लिम युवक के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार के विरोध में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। स्थिति इस कदर बिगड़ी कि पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और पुराने शहर के संवेदनशील इलाकों में धारा 144 लागू करनी पड़ी।

**यह है मामला**

दरअसल, घटना 9 मई की है, जब गौतम नगर के एक होटल में हिंदू संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं ने एक मुस्लिम युवक और हिंदू युवती को पकड़ा था। आरोप है कि कार्यकर्ताओं ने युवक के साथ मारपीट की, उसके चेहरे पर स्याही और गोबर पोता और उसे अर्धनग्न कर अपमानित किया। इस दौरान की गई आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणियों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मुस्लिम समाज में भारी आक्रोश फैल गया। इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार दोपहर से ही ताजुल मस्जिद, पीरगेट और इमामीगेट क्षेत्र में भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। शहर काजी, विधायक आरिफ मसूद और अतीक अकील ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर आरोपियों पर एनएसए लगाने और 24 घंटे में गिरफ्तारी की मांग की।

**पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले**

रात करीब 8:30 बजे पुलिस कार्रवाई में देरी का आरोप लगाते हुए भीड़ उग्र हो गई। रात 1 बजे तक चले इस प्रदर्शन के दौरान मोती मस्जिद क्षेत्र में पुलिस पर पथराव किया गया, जिससे तलैया थाने का एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। जवाब में पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा। हालात को देखते हुए पुराने शहर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। एसीपी अनिल वाजपेयी के अनुसार, फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस लगातार गश्त कर रही है।

**युवती का बयान**

इस पूरे मामले में अहम मोड़ तब आया जब युवती ने पुलिस पूछताछ में स्पष्ट किया कि वह युवक (आरिफ खान) के साथ पिछले 5 वर्षों से लिव-इन रिलेशनशिप में है। युवती ने किसी भी तरह की जबरदस्ती से इनकार किया और बताया कि वे अपनी मर्जी से होटल पहुंचे थे। युवती ने युवक के खिलाफ कोई भी कानूनी कार्रवाई करने से मना कर दिया है।

**मुस्लिम समाज की चेतावनी**

प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि आरोपियों की न केवल गिरफ्तारी हो, बल्कि उनके खिलाफ बुल्डोजर कार्रवाई भी की जाए। मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो भोपाल बंद का आह्वान किया जाएगा। फिलहाल पूरे इलाके में पुलिस अलर्ट पर है और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर नजर रखी जा रही है।




*महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बुधवार को होटल कोर्टयार्ड मैरियट में परिणामोन्मुखी चाइल्ड बजटिंग इन मध्यप्रदेश कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया*

## भोपाल में युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड किया

भोपाल (निप्र)। भोपाल के छोला मंदिर इलाके में रहने वाले युवक का शव आज सुबह करीब 6 बजे उसके घर के एक कमरे में लटका दिखा। बॉडी को सबसे पहले उसकी मां ने देखा था। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी अपने मायके में रह रही है। कई बार मनाने के बाद भी वह लौटने को तैयार नहीं थी। इससे डिप्रेशन में आकर उसने सुसाइड किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। छोला मंदिर पुलिस ने बताया कि प्रदीप लोवंशी पिता गंगाराम लोवंशी (29) शिव नगर बिहारी कॉलोनी सुबह साढ़े चार बजे टाविल से फांसी लगाई है। मां ने सबसे पहले देखा था। पांच साल पहले शादी हुई थी।

## भोपाल के करोंद में बिल्डिंग में आग

### KFC आउटलेट के पास उठीं आग की लपटें; AC और फर्नीचर जला

भोपाल (निप्र)। भोपाल के करोंद स्थित एक चार मंजिला बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर में बुधवार को आग लग गई। इस बिल्डिंग में KFC आउटलेट है। इसके ठीक पास में लगे एयर कंडिशनर समेत फर्नीचर जल गया।आग की वजह से इलाके में हड़कंप मच गया। अफरा-तफरी के माहौल के बीच आग पर काबू पाया गया। इससे कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन लाखों रुपए का नुकसान हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने के दौरान बिल्डिंग में भीड़ नहीं थी। इस वजह से बड़ा हादसा टल गया। प्रशासन नुकसान का आंकलन लगा रहा है। नगर निगम के फायर प्रभारी सौरभ पटेल ने बताया कि बिल्डिंग में क्रोमा का इलेक्ट्रॉनिक शोरूम है। इसके पास में रखे जनरेटर में आग लगी थी। इस वजह से कई एसी भी जल गए। जहां आग लगी थी, वहां पर केएफसी का आउटलेट भी है। हालांकि, उसे नुकसान नहीं पहुंचा।आग की वजह जनरेटर में शार्ट सर्किट होने को बताया जा रहा है। आग लगने की जानकारी मिलते ही पास में पीपुल्स हॉस्पिटल की फायर ब्रिगेड पहुंची और उसे बुझाने लगी। इसी दौरान नगर निगम की दमकल भी आ गई।



## सभी नागरिक क्यूआर कोड स्केन कर स्वच्छता सर्वेक्षण फीडबैक में करें सहभागिता : आयुक्त श्री भोंडवे

भोपाल, (निप्र)। नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत आयोजित होने वाले विश्व के सबसे बड़े स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में मध्यप्रदेश अपनी संकल्पबद्धता और जन-सहयोग के अनूठे संगम के साथ अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रदेश के कुल 406 नगरीय निकायों में स्वच्छता के प्रति जो उत्साह और चेतना जाग्रत हुई है, उसका प्रत्यक्ष प्रमाण नागरिकों द्वारा अब तक दर्ज कराए गए 19 लाख से अधिक फीडबैक हैं। यह संख्या न केवल नागरिकों की अपनी शहर की स्वच्छता के प्रति सजगता को दर्शाती है, बल्कि यह प्रदेश की उस सामूहिकता का भी परिचायक है जो मध्यप्रदेश को स्वच्छता के शिखर पर बनाए रखने के लिए तत्पर है। विभाग द्वारा इस विशाल जन-समर्थन को एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है, जो आगामी रैंकिंग में प्रदेश के शहरों की स्थिति को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा। नागरिकों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त दिये गये क्यूआर कोड को स्केन कर स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में अपना फीडबैक दर्ज करे। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के सर्वेक्षण की सबसे अभिनव और क्रांतिकारी विशेषता इसकी मूल्यांकन प्रणाली में किया गया।

## रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं विश्वास का प्रतीक बनी जीआरपी - जबलपुर, ग्वालियर एवं इंदौर

### ट्रेन में छूटे लगभग 8 लाख रुपये से अधिक के जेवरों से भरे बैग को जीआरपी इंदौर ने सुरक्षित लौटाया



भोपाल, (निप्र)। मध्यप्रदेश रेलवे पुलिस द्वारा रेल यात्रियों की सुरक्षा, संपत्ति संरक्षण एवं जनविश्वास कायम रखने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जीआरपी जबलपुर, ग्वालियर एवं इंदौर द्वारा चोरी एवं जेवरात संबंधी मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 21 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। वहीं इंदौर जीआरपी ने ईमानदारी एवं तत्परता का परिचय देते हुए यात्री का जेवरों से भरा बैग सुरक्षित लौटाकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। थाना जबलपुर द्वारा रनिंग ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने का मंगलसूत्र, चेन, बाली, लॉकेट एवं चांदी की पायल सहित लगभग 2 लाख 85 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है। एक अन्य कार्यवाही में जबलपुर की टीम द्वारा एक महिला चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के आभूषण जप्त किये गये। महिला आरोपी द्वारा यात्रियों की भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाता था। कार्रवाई के दौरान उसके कब्जे से 8 हजार 750 रूपए मूल्य के आभूषण जब्त किये गये। जीआरपी ग्वालियर द्वारा ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जेवरात एवं नगदी चोरी करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विभिन्न प्रकरणों में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा अलग-अलग ट्रेनों में यात्रियों के पर्स, नगदी एवं सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। लगातार निगरानी, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से चोरी गये सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी सहित लगभग 7 लाख 30 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है। जीआरपी इंदौर ने रेलवे स्टेशन इंदौर से ट्रॉली बैग चोरी का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 2 लाख 82 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है। इसके अतिरिक्त जीआरपी इंदौर ने ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए ट्रेन में छूटे लगभग 8 लाख 50 हजार रूपए मूल्य के जेवरों से भरे बैग को कुछ ही घंटों में सुरक्षित खोजकर संबंधित यात्री के सुपुर्द किया। जीआरपी की इस सराहनीय कार्रवाई से यात्रियों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना और अधिक मजबूत हुई है। यह कार्रवाई रेल पुलिस की जनसेवा, जिम्मेदारी एवं मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## आई.डी.बी.आई. बैंक द्वारा दो बोलेरो कैम्पर वाहन का प्रदाय एवं बाघ का किया अंगीकरण



भोपाल, (निप्र.) । वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में वन्यप्राणी अंगीकरण योजना 01 जनवरी 2009 को प्रारंभ की गई थी। इस योजना अंतर्गत आई.डी.बी.आई. बैंक भोपाल ने पर्यावरण तथा वन्यप्राणियों के संरक्षण के प्रति प्रेम की ओर अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। बैंक द्वारा मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्यप्राणियों को भोजन प्रदाय के लिये 2 बोलेरो कैम्पर वाहन प्रदाय किये गये एवं एक नर बाघ बाजीराव को एक वर्ष के लिये गोद लिया।आई.डी.बी.आई बैंक से महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल महेश चन्द्र कारी, उप महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल राजेश अग्रवाल, सहायक महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल अचल जैन, सहायक महाप्रबंधक आंचलिक कार्यालय भोपाल ब्लेसियन डेनियल, प्रबंधक, आंचलिक कार्यालय भोपाल आदित्य अग्रवाल द्वारा सीएसआर अंतर्गत वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के संचालक विजय कुमार को 2 बोलेरो कैम्पर वाहन की चाबी प्रदाय की गई एवं नर बाघ बाजीराव को एक वर्ष के लिये अंगीकरण लिया गया।

# मप्र सरकार ने ईंधन बचत की दिशा में उठाया कदम, वीआईपी काफिलों में घटे वाहन

### - खेल मंत्री सारंग ने भी हटाई सुरक्षा गाड़ियां



भोपाल, (निप्र.) । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन संरक्षण और पेट्रोल-डीजल के संयमित उपयोग की अपील का असर मध्य प्रदेश की सरकार में साफ तौर पर दिखने लगा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से लेकर उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने अपने सुरक्षा काफिले (कारकेड) और वाहनों की संख्या में बड़ी कटौती करने का निर्णय लिया है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के काफिले में पहले 13 वाहन चलते थे, जिसे अब घटाकर मात्र 7 कर दिया गया है। बुधवार को जब मुख्यमंत्री भोपाल से नरसिंहपुर के लिए रवाना हुए, तो उनके कारकेड में सिर्फ सात गाड़ियां ही नजर आईं। मुख्यमंत्री ने यह कदम राष्ट्रहित और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से उठाया है।

**उपमुख्यमंत्री ने भी किया वाहनों की संख्या घटाने का ऐलान**

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भी अपने काफिले में वाहनों की संख्या न्यूनतम रखने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी कि विभागीय भ्रमण, निरीक्षण और सरकारी गतिविधियों में कम से कम वाहनों का उपयोग होगा। अनावश्यक वाहन रैलियों और अतिरिक्त काफिलों से परहेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारियों को कार पूलिंग (साझा वाहन व्यवस्था) और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती और पर्यावरण सुरक्षा को भी इस मुहिम से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित भोजन का भी सीधा संबंध है। इसी दृष्टि से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना आवश्यक है, जिससे रासायनिक उर्वरकों (जो अधिकांश आयातित होते हैं) का उपयोग कम हो, भूमि और जल की गुणवत्ता सुरक्षित रहे तथा आमजन को स्वास्थ्यकर अन्न उपलब्ध हो। यह जनस्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा है कि ऊर्जा संरक्षण के साथ पर्यावरण संरक्षण के इस संदेश को भी जनजागरूकता अभियानों में शामिल करें। ईंधन की बचत, स्वच्छ पर्यावरण और प्राकृतिक कृषि, ये सभी स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र के आधार हैं। राष्ट्रहित सर्वोपरि है। प्रत्येक छोटी बचत, देश की बड़ी शक्ति बनती है।

**खेल मंत्री सारंग ने भी हटाई सुरक्षा गाड़ियां**

खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने सादगी की मिसाल पेश करते हुए अपने सुरक्षा काफिले से पायलट और फॉलो वाहनों को हटा दिया है। वे अपनी निजी कार में स्टाफ के साथ मंत्रालय पहुंचे। मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह आह्वान देश के नवनिर्माण और आने वाली पीढ़ी को एक विकसित व स्वावलंबी हिंदुस्तान देने के लिए है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से भी कम से कम पेट्रोल-डीजल उपयोग करने की अपील की है।मध्य प्रदेश सरकार के इस कदम का मुख्य उद्देश्य सरकारी खर्च में कटौती करना, पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना और ईंधन के आयात पर देश की निर्भरता कम करना है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सिंहस्थ 2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की मेजबानी के लिए संवर रहा उज्जैन

**पेट्रोल-डीजल की मितव्ययता पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के आव्हान और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर अधिकारियों ने बस से किया भ्रमण**



उज्जैन, (ए.)। सिंहस्थ 2028 महापर्व के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर विश्व भर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को सुविधाजनक रूप से मोक्षदायिनी शिप्रा नदी में स्नान कराने और श्रद्धालुओं की मेजबानी के लिए उज्जैन संवरने लगा है। पांच दिन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने शिप्रा किनारे पैदल 36.5 किलोमीटर भ्रमण करते हुए घाट से जोड़कर बनाए जाने वाले प्रस्तावित मार्गों के लिए 140 स्थान चिन्हित कर तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर पेट्रोल-डीजल की मितव्ययिता नियम का अनुसरण करते हुए अधिकारी बस में सवार होकर निरीक्षण के लिए पहुंचे। सिंहस्थ 2028 के लिए निर्माणाधीन विकास कार्यों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रस्तावित मार्ग चिन्हित करने के लिए नियमित निरीक्षण के तहत बुधवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के साथ अधिकारियों की टीम सुबह पेट्रोल-डीजल बचाने का संदेश देते हुए एक ही बस में सवार होकर निरीक्षण पर निकले। सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत निर्माणाधीन 29 किलोमीटर के नए घाट और सभी घाटों को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले प्रस्तावित एप्रोच रोड के लिए स्थान चिन्हित किए। निरीक्षण के पांचवें दिन अधिकारियों ने लाल पुल ब्रिज के नीचे स्थित घाट क्षेत्र से निरीक्षण शुरू करते हुए गऊघाट, वेधशाला के पीछे, वाकणकर ब्रिज के समीप, जीवन खेड़ी, श्री शनि मंदिर के समीप पुराने और निर्माणाधीन नवीन घाट तक पहुंच मार्ग तैयार करने के लिए प्रस्तावित स्थानों को चिन्हित किया।

## हैंडपंप की शवयात्रा में महिलाएं भी हुई शामिल, जल समस्या के संदर्भ में मटकी फोड़ कर जताया विरोध



झाबुआ,(ए.)। मध्य प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य झाबुआ जिले के ग्रामीण इलाकों में जल संकट को लेकर जिला कांग्रेस द्वारा विधायक झाबुआ, विक्रांत भूरिया के नैतृत्व में हैंडपंप की शवयात्रा निकाल कर जिला मुख्यालय पर जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन किया गया।जिला कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल हुई। विरोध प्रदर्शन में शामिल महिलाए अपने सिर पर खाली मटकी लेकर जिला मुख्यालय स्थित पीएचई कार्यालय पहुंचीं थीं। प्रदर्शन में शामिल कुछ महिलाओं ने मटकी फोड़ कर उसके टुकड़े पीएचई अधिकारियों की तरफ फेंके, किंतु किसी के हताहत होने के समाचार नहीं है। विरोध प्रदर्शन के दौरान जल संकट के समाधान हेतु पीएचई अधिकारी को ज्ञापन देकर जल समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की गई। जिले के ग्रामीण इलाकों में कथित रूप से भयावह जल संकट को लेकर बुधवार को कांग्रेस द्वारा जबरदस्त तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस द्वारा विधायक झाबुआ, विक्रांत भूरिया एवं विधायक थांदला, वीर सिंह भूरिया के संयुक्त नैतृत्व में बुधवार को जिले के ग्रामीण इलाकों में बढ़ते पेयजल संकट को लेकर हैंडपंप की शवयात्रा निकाली गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने खाली मटकियां लेकर विरोध जताते हुए पीएचई विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े हैंडपंप और पानी की गंभीर समस्या को लेकर कार्यकर्ताओं ने हल्ला बोलते हुए भाजपा सरकार और प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर खाली मटके लेकर पहुंचीं और पीएचई कार्यालय के बाहर विरोध जताया। कांग्रेस नेताओं ने जिले में भयावह जल संकट की चर्चा करते हुए कहा कि जिले के कई गांवों में हैंडपंप बंद पड़े हैं, जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## अपरा एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



राजगढ़,(ए.)। मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के शहर ब्यावरा में हाइवे स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में बुधवार को अपरा एकादशी का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जो पूरे दिन लगातार बनी रही। बड़ी संख्या में भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरा परिसर "जय श्री श्याम" के जयघोष से गूंजता रहा। पर्व के अवसर पर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा विशेष व्यवस्थाएँ की गईं। बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे पुष्पों से किया गया, जिसने दर्शनार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## जनता को नसीहत से पहले भाजपा खुद अपने गृहबान में झांके : कांग्रेस अध्यक्ष

बुरहानपुर (ए.)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष रिंकू टॉक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में जनता को दी जा रही सलाहों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पेट्रोल-डीजल बचाने, सोना नहीं खरीदने,



विदेश यात्रा टालने और किसानों को रासायनिक खाद कम प्रयोग करने जैसी बातें कह रहे हैं, लेकिन इन सलाहों पर सबसे पहले भाजपा नेताओं को खुद अमल करना चाहिए। रिंकू टॉक ने कहा कि यदि पेट्रोल-डीजल बचाने की बात की जा रही है तो भाजपा के मंत्री, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि पहले अपने सरकारी वाहनों और लंबे काफिलों की जगह सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि जो नेता किसानों को खाद कम उपयोग करने की सलाह दे रहे हैं, वे पहले अपने खेतों में रासायनिक खाद का उपयोग बंद करें। उन्होंने कहा कि आम जनता पहले से महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक परेशानियों से जूझ रही है। ऐसे समय में केवल सलाह देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि सरकार को राहत देने वाले फैसले लेने चाहिए। कांग्रेस मीडिया प्रभारी तफ्फजुल हुसैन मुलायम वाला ने कहा कि सरकार को केवल अपील करने के बजाय जनता की मूल समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर और आम परिवार महंगाई के बोझ से परेशान हैं, ऐसे में सरकार को जमीनी स्तर पर काम करना चाहिए।

## शिवपुरी में प्रसूता की मौत पर बवाल, पति ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

**-मेडिकल कॉलेज की गाइनोकोलॉजिस्ट डॉ. शिखा जैन पर इलाज में लापरवाही के आरोप**



शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी के प्राइवेट सुखदेव हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। मृतका के पति गगन अग्रवाल ने जिलाधीश को शिकायती आवेदन देकर अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने और दो शासकीय चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, गगन अग्रवाल की पत्नी निधि अग्रवाल की 28 मार्च 2026 को सुखदेव हॉस्पिटल में सिजेरियन डिलेवरी मेडिकल कॉलेज की गाइनोकोलॉजिस्ट डॉ. शिखा जैन द्वारा की गई। आरोप है कि शासकीय ड्यूटी समय में निजी अस्पताल में सर्जरी की गई। कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा गया है कि डिलेवरी के बाद सुबह 09:30 बजे से मरीज को ब्लीडिंग और यूरिन न आने की समस्या हुई। स्टाफ को बताने के बावजूद अस्पताल में कोई महिला रोग विशेषज्ञ मौजूद नहीं थी। कई बार बुलाने पर डॉ. जैन रात 07:45 बजे पहुंचीं और सामान्य समस्या बताकर चली गईं। आरोप है कि लगभग 12 घंटे तक डॉक्टर द्वारा विजिट न करने से मरीज की किडनी फैल हो गई।हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज शिफ्ट किया-हालत बिगड़ने पर रात 02-03 बजे मरीज को मेडिकल कॉलेज शिफ्ट किया गया, जहां भर्ती के 4-5 घंटे बाद ही उनकी मृत्यु हो गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि लापरवाही छुपाने के लिए मेडिकल रिकॉर्ड में हेल्प सिंड्रोम दर्ज किया गया। सुखदेव हॉस्पिटल में यूरिन न आने पर भी नेफ्रोलॉजिस्ट को नहीं बुलाया गया। पत्र में यह भी आरोप है कि डॉ. शिखा जैन अपने पति डॉ. गौरव जैन के साथ 29 श्रीराम कॉलोनी में बिना सीएमएचओ पंजीयन के क्लिनिक चला रही हैं। साथ ही जिला अस्पताल के निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. आर.पी. सिंह पर भी निजी अस्पताल में सेवाएं देने का आरोप है।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में खेलों की बारीकियां सीख रहे खिलाड़ी



टीकमगढ़ (ए.)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग के सहयोग से टीकमगढ़ शहर के पुलिस लाइन ग्राउण्ड पर एक से 30 मई तक 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 4 साल के छोटे बच्चों से लेकर बडे स्कूल के छात्र-छात्रायें भाग ले रही है।

छात्राओं को ग्रीष्मकालीन खेल में सॉफ्टबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, मलखम, जूडो कराटे ,खो खो, कबड्डी, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अन्न खेलो का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप में अभी तक 700 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन किया है, जिसमें 200 बच्चे, फुटबॉल में 100 बच्चों जूडो कराटे की। ट्रेनिंग लेकर आत्मरक्षा के गुण सीख रहे हैं।

# व्यापार समाचार

## सरकार का एक फैसला और झटके में सोना 11000 रुपये महंगा, चांदी भी 3 लाख पार; जानें क्या हैं नए दाम



नई दिल्ली (आरएनएस)। सोना और चांदी की कीमतों में बुधवार को बड़ा उछाल देखने को मिला। केंद्र सरकार द्वारा कीमती धातुओं पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने के फैसले के बाद मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर दोनों धातुओं के भाव में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोना 11 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक महंगा हो गया, जबकि चांदी की कीमत 3 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई।सरकार ने सोना, चांदी और अन्य कीमती धातुओं पर इंपोर्ट ड्यूटी को 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है। इस फैसले का सीधा असर कमोडिटी बाजार में देखने को मिला।एमसीएक्स पर 24 कैरेट सोना मंगलवार को 1,53,442 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को कारोबार शुरू होते ही इसका भाव बढ़कर 1,64,497 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। इस तरह सोने की कीमत में करीब 11,055 रुपये यानी लगभग 7 फीसदी की तेजी दर्ज की गई।वहीं, चांदी की कीमतों में भी जोरदार उछाल आया। चांदी मंगलवार को 2,79,062 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी, लेकिन बुधवार को बाजार खुलते ही इसका भाव बढ़कर 3,01,429 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गया। यानी चांदी एक झटके में 22,367 रुपये महंगी हो गई।हालांकि, मौजूदा भाव अब भी अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे हैं। सोने का लाइफटाइम हाई 2,02,984 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा है, जिससे मौजूदा कीमत करीब 38,487 रुपये कम है। वहीं चांदी का रिकॉर्ड हाई 4,57,328 रुपये प्रति किलोग्राम है और मौजूदा भाव इससे करीब 1,55,899 रुपये नीचे है। सरकार ने गोल्ड इंपोर्ट ड्यूटी में बड़ा बदलाव करते हुए बेसिक कस्टम ड्यूटी को 5 फीसदी से बढ़ाकर 10 फीसदी कर दिया है। इसके अलावा एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस (AIDC) को 1 फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी किया गया है। कुल मिलाकर सोने पर लगने वाली ड्यूटी अब 15 फीसदी हो गई है। गौरतलब है कि 2024 के बजट में सरकार ने गोल्ड इंपोर्ट ड्यूटी में कटौती की थी, जिसे अब फिर से बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री Narendra Modi ने हाल ही में एक जनसभा के दौरान लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की थी। उन्होंने मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और विदेशी मुद्रा पर बढ़ते दबाव का हवाला देते हुए कहा था कि देश को फिलहाल सोने के आयात पर निर्भरता कम करनी चाहिए, चाहे शादी हो या कोई अन्य आयोजन। विशेषज्ञों के मुताबिक, भारत में सोने का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात किया जाता है और इसका भुगतान डॉलर में होता है। ऐसे में अधिक आयात से विदेशी मुद्रा भंडार और ट्रेड डेफिसिट पर दबाव बढ़ता है। सरकार का मानना है कि इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने से सोने का आयात कम होगा और विदेशी मुद्रा की बचत में मदद मिलेगी।

# जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच एयर इंडिया का बड़ा ऐलान, जून से तीन महीनों के लिए कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

नई दिल्ली (आरएनएस),। मध्य पूर्व संकट के कारण जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते एयर इंडिया ने जून की शुरुआत से तीन महीनों के लिए कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को निलंबित करने का फैसला किया है। यह जानकारी रिपोर्ट्स में दी गई। कई रिपोर्ट्स में बताया गया है कि दिल्ली से जिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कमी की गई है उनमें शिकागो और नेवार्क, सिंगापुर और शंघाई जैसे प्रमुख गंतव्य शामिल हैं।

इसके अलावा, एयर इंडिया ने सैन फ्रांसिस्को, पेरिस और टोरंटो जैसे गंतव्यों के लिए भी उड़ानें कम कर दी हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, कुल मिलाकर एयरलाइन ने प्रतिदिन करीब 100 उड़ानों को कम कर दिया है। एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने पिछले सप्ताह कहा था कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते एयरलाइन अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में कटौती जारी रखेगी।रिपोर्ट्स के मुताबिक, बढ़ते वित्तीय दबाव और परिचालन संबंधी चुनौतियों का सामना करते हुए, एयर इंडिया ने अपने आंतरिक अनुपालन और लागत नियंत्रण उपायों को और




कड़ा कर दिया है। एयरलाइन ने पिछले तीन वर्षों में नैतिक कदाचार और नीतिगत उल्लंघनों के लिए 1,000 से अधिक कर्मचारियों को बर्खास्त किया है।यह खुलासा विल्सन ने पिछले सप्ताह कर्मचारियों के साथ एक टाउन हॉल बैठक के दौरान किया।

विल्सन ने कर्मचारियों को बताया कि एयरलाइन ने कई उल्लंघनों में शामिल कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है, जिनमें एम्प्लॉई लीजर ट्रैवल (ईएलटी) सिस्टम का दुरुपयोग, विमान से सामान की तस्करी और उचित शुल्क के बिना अतिरिक्त सामान ले जाने की अनुमति देना शामिल है। एयरलाइन की यह सख्त कार्रवाई ऐसे समय में हो रही है जब वह गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही है।एयर इंडिया समूह, जिसमें एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस शामिल हैं, को मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में 22,000 करोड़ रुपए से अधिक का घाटा होने का अनुमान है। टाटा समूह के तहत व्यापक पुनर्गठन और सुधार प्रयासों के तहत, एयरलाइन ने पहले ही कई लागत-बचत उपाय शुरू कर दिए हैं। इनमें कर्मचारियों के वार्षिक वेतन वृद्धि को रोकना, विवेकाधीन खर्चों में कटौती करना और सभी विभागों में गैर-जरूरी खर्चों को कम करना शामिल है।

## हर सेकंड 62 हजार रुपए की कमाई, सरकारी बैंकों ने 1.98 लाख करोड़ के बंपर मुनाफे के साथ तोड़े सारे रिकॉर्ड

नई दिल्ली (आरएनएस),। देश के सरकारी बैंकों ने कमाई के मामले में एक ऐसा महा-रिकॉर्ड बना दिया है, जिसे जानकर हर कोई हैरान है।




वित्त वर्ष 2025-26 में इन बैंकों ने अब तक का सबसे अधिक 1.98 लाख करोड़ रुपये का भारी-भरकम शुद्ध लाभ (Net Profit) दर्ज किया है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों पर अगर गहराई से गौर करें, तो बीते वित्त वर्ष में सरकारी बैंकों ने हर एक सेकंड में 62 हजार रुपये से ज्यादा का ऐतिहासिक प्रॉफिट कमाया है। यह लगातार चौथा ऐसा साल है जब सरकारी बैंक इतने भारी मुनाफे में रहे हैं और देश की आर्थिक तरक्की में बड़ा योगदान दे रहे हैं।

### लोन और जमा राशि में हुआ शानदार इजाफा

इस ऐतिहासिक मुनाफे के पीछे कई बड़े और अहम कारण रहे हैं। वित्त मंत्रालय के अनुसार, असेट्स की क्वालिटी में हुआ जबरदस्त सुधार, ऋण (लोन) के स्वस्थ विस्तार और आय में हुई वृद्धि ने सरकारी बैंकों की प्रॉफिटीबिलिटी में सबसे बड़ा योगदान दिया है। इस दौरान बैंकों का कुल परिचालन लाभ 3.21 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। 31 मार्च, 2026 तक सरकारी बैंकों का कुल कारोबार 12.8 प्रतिशत की शानदार वृद्धि के साथ 283.3 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा, कुल जमा राशि सालाना आधार पर 10.6 प्रतिशत बढ़कर 156.3 लाख करोड़ रुपये रही, जो साफ दर्शाता है कि आम जनता और जमाकर्ताओं का इन बैंकों पर भरोसा लगातार और मजबूत हो रहा है।

# पेट्रोल-डीजल की बढ़ सकती हैं कीमतें, RBI गवर्नर ने दिए संकेत

नई दिल्ली(आरएनएस)। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने चेतावनी दी है कि यदि हालात लंबे समय तक ऐसे ही बने रहे, तो देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।स्विट्जरलैंड में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि फिलहाल केंद्र सरकार और सरकारी तेल कंपनियां कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का अतिरिक्त बोझ खुद उठा रही हैं, ताकि आम लोगों पर सीधा असर न पड़े। उन्होंने बताया कि सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में राहत दी हुई है और तेल कंपनियां भी नुकसान सहकर कीमतों को नियंत्रित रख रही हैं। हालांकि, यदि पश्चिम एशिया में तनाव लंबे समय तक जारी रहता है तो ईंधन की कीमतों में इजाफा करना मजबूरी बन सकता है। इस बीच प्रधानमंत्री ने भी देशवासियों से ईंधन की बचत करने और गैर-जरूरी खर्चों में कटौती करने की अपील की है। उन्होंने लोगों से पेट्रोल-डीजल का सीमित उपयोग करने और फिलहाल सोने की खरीद टालने की सलाह दी है, ताकि देश का विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रखा जा सके। सरकार ने सोने पर आयात शुल्क भी बढ़ा दिया है और माना जा रहा है कि आयातित वस्तुओं की मांग कम करने के लिए आने वाले समय में और कदम उठाए जा सकते हैं। महंगाई के मोर्चे पर भी दबाव बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.48 प्रतिशत पहुंच गई, जबकि मार्च में यह 3.40 प्रतिशत थी। हालांकि यह आंकड़ा अनुमान से कम रहा, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रही तो आने वाले महीनों में महंगाई और बढ़ सकती है।




पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण वैश्विक सप्लाई चेन पर भी असर पड़ने लगा है। तेल आपूर्ति और माल ढुलाई की लागत बढ़ने से भारतीय बाजारों में भी आने वाले समय में असर देखने को मिल सकता है। RBI ने चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जबकि औसत महंगाई 4.6 प्रतिशत रहने की संभावना व्यक्त की है। हालांकि अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यदि युद्ध लंबा खिंचा तो आर्थिक विकास की रफ्तार प्रभावित हो सकती है। गौरतलब है कि RBI ने अप्रैल में रेपो रेट 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखा था। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक लगातार आर्थिक हालात पर नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर महंगाई को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## इंसाफ मिलने का भरोसा नहीं

सवाल यह नहीं है कि केजरीवाल की दलीलें कितनी वजनदार थीं। मुद्दा केजरीवाल का यह कहना है कि उन्हें न्यायमूर्ति शर्मा से इंसाफ मिलने का भरोसा नहीं है। इस शक का साया आगे की कार्यवाही पर भी पड़ा रहेगा।यह घिसा-पिटा कथन, लेकिन महत्त्वपूर्ण मानदंड है कि इंसाफ ना सिर्फ होना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए। और ऐसा तब कतई नहीं हो सकता, जब जज पर विवाद से संबंधित किसी एक पक्ष को भरोसा ना हो। दिल्ली हाई कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका ठुकराते हुए इस अति महत्त्वपूर्ण पहलू की उपेक्षा कर दी। परंपरा भी यही है कि जहां जज के हित न्याय की अपेक्षा से टकराते हों अथवा जज की निष्पक्षता पर किसी पक्ष को संदेह हो, तो संबंधित न्यायाधीश उस मामले से खुद को अलग कर लेते हैं।दिल्ली उत्पाद नीति से संबंधित मुकदमे में केजरीवाल ने न्यायमूर्ति शर्मा की अदालत में उपस्थित होकर उनको लेकर अपने संदेह के पक्ष में लंबी दलीलें दीं। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में संभवत: यह पहली ऐसी कार्यवाही थी, जिसे पूरे देश ने लाइव सुना और देखा। ये दीगर बात है कि बाद में हाई कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स से खुद अपनी उस कार्यवाही के वीडियो को हटाने का विडंबनापूर्ण निर्देश जारी कर दिया। बहरहाल, सवाल यह नहीं है कि केजरीवाल की दलीलें कितनी वजनदार थीं। मुद्दा है कि केजरीवाल ने खुल कर कहा कि उन्हें न्यायमूर्ति शर्मा से इंसाफ मिलने का भरोसा नहीं है। उनकी पार्टी के नेताओं ने इसको सार्वजनिक चर्चा का विषय बना रखा है। ऐसे में आशंका है कि ठोस तथ्यों के आधार पर भी निर्णय अगर केजरीवाल के खिलाफ आया, तो उसकी विश्वसनीयता पर उनकी ओर सवाल खड़े किए जाते रहेंगे। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि 'अविश्वास के बीज बोने' की कोशिशों के दरवाजे नहीं खोले जा सकते। उन्होंने कहा कि जज की निष्पक्षता एक पूर्व-धारणा होती है। जज तभी मामले से अपने को अलग कर सकता है, जब वादी इस पूर्व-धारणा का खंडन करने में सफल रहे। हाई कोर्ट इस निष्कर्ष पर है कि केजरीवाल ऐसा करने में विफल रहे। इसलिए वह उनके नैरेटिव से बिना प्रभावित हुए आगे बढ़ेगा। मगर व्यवहार में अक्सर कथानक और दबी जुबान में होने वाली चर्चाओं की अपनी जिंदगी होती है। उनके असर की अनदेखी के अपने जोखिम होते हैं।

# कौन जवाब देगा नीट की इस लगातार बिगड़ती व्यवस्था का?

प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

कड़े नियमों, डिजिटल निगरानी और सुधार के दावों के बावजूद जब परीक्षा व्यवस्था बार-बार संदेह में आ जाए, तो नीट-यूजी 2026 जैसी घटनाएँ पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर देती हैं। 3 मई को देशभर के 22 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने डॉक्टर बनने के सपने के साथ परीक्षा दी, लेकिन कुछ ही दिनों में यह विवादों में घिर गई। 12 मई को एनटीए द्वारा परीक्षा रद्द करने और मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के फैसले ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। राजस्थान एसओजी की प्रारंभिक जांच में गेस पेपर और प्रश्नों के मेल ने परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर चोट पहुँचाई। यह केवल परीक्षा रद्द होने की घटना नहीं, बल्कि पूरे परीक्षा तंत्र की गहरी संरचनात्मक विफलताओं का स्पष्ट संकेत बन गई। जब लाखों विद्यार्थी किसी परीक्षा के लिए अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष समर्पित करते हैं, तो उनका पूरा भविष्य उसी एक दिन से जुड़ जाता है। नीट अभ्यर्थियों ने कोचिंग, टेस्ट सीरीज, निरंतर अभ्यास और मानसिक दबाव के बीच कठिन संघर्ष किया, लेकिन परीक्षा रद्द होने के फैसले ने उनकी मेहनत को अनिश्चितता में धकेल दिया। ग्रामीण और छोटे शहरों के छात्रों पर भी इसका गहरा असर पड़ा, जो सीमित संसाधनों में भी बड़े सपने लेकर आगे बढ़ रहे थे। उनके लिए यह परीक्षा केवल प्रवेश नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति का अवसर थी, जो फिर से अधर में लटक गया।जब किसी बच्चे के सपने को साकार करने के लिए परिवार अपनी पूरी जमा-पूंजी, कर्ज और संसाधन तक दाँव पर लगा देता है, तब ऐसा निर्णय उन्हें आर्थिक ही नहीं, गहरे मानसिक आघात से भी जकड़ देता है। मध्यमवर्गीय माता-पिता ने कोचिंग, हॉस्टल, किताबों और तैयारी पर अपनी सीमाओं से बाहर जाकर खर्च किया था। परीक्षा रद्द होने से यह निवेश अब सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि भावनात्मक टूटन में बदल गया है। कई घरों में तनाव और चिंता बढ़ गई है। माता-




### मेहनत का कत्ल और जवाबदेही से बचता हुआ सिस्टम जब परीक्षा तंत्र खुद बन गया अभ्यर्थियों का सबसे बड़ा दुश्मन

पिता के मन में अब यही सवाल गूंज रहा है कि क्या हर साल उनके बच्चों का भविष्य इसी तरह अनिश्चितता के अंधेरे में फँसा रहेगा? मल्टी-लेयर सुरक्षा, डिजिटल निगरानी, फ्लाइंग स्क्वाड और सीलबंद प्रोटोकॉल जैसी मजबूत व्यवस्थाओं के बावजूद जब बार-बार पेपर लीक और प्रश्नों के मिलान जैसी घटनाएँ सामने आती हैं, तो यह परीक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। राजस्थान के सीकर जैसे कोचिंग केंद्र में उजागर हुआ गेस पेपर का मामला यह दिखाता है कि समस्या केवल परीक्षा केंद्र तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी प्रक्रिया की श्रृंखला में कहीं गहराई तक फैली हो सकती है। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर भंडारण, परिवहन और वितरण तक हर चरण में यदि थोड़ी भी चूक रह जाए, तो पूरी परीक्षा की विश्वसनीयता पर सीधा असर पड़ता है। गलती सामने आने पर हर बार परीक्षा रद्द करना समाधान नहीं, बल्कि उसका सीधा बोझ छात्रों पर डाल देना बन जाता है, जबकि वास्तविक चूक करने वाली व्यवस्था अक्सर जवाबदेही से बच जाती है। यही सबसे बड़ा असंतुलन है। सिस्टम की खामियों को सुधारने के बजाय उसकी कीमत अभ्यर्थियों को समय, श्रम और मानसिक दबाव के रूप में चुकानी पड़ती है। यह सिलसिला बार-बार दोहराया जाता है, लेकिन जवाबदेही का स्पष्ट ढांचा आज भी कमजोर प्रतीत होता है। ऐसे में सवाल और भी तीखा हो जाता है कि जब सुरक्षा के इतने स्तर मौजूद हैं, तो आखिर चूक किस चरण में और किसकी लापरवाही से हो रही है? एनटीए द्वारा यह कहना कि छात्रों को दोबारा आवेदन नहीं करना होगा और फीस वापस कर दी जाएगी, केवल एक औपचारिक प्रशासनिक घोषणा प्रतीत होती है, जबकि मूल संकट जस का तस बना हुआ है। नई परीक्षा तिथि को लेकर बनी अनिश्चितता ने पूरे मेडिकल प्रवेश कैलेंडर को अस्त-व्यस्त कर दिया है। एमबीबीएस व अन्य मेडिकल पाठ्यक्रमों के सत्र में संभावित देरी का प्रभाव किसी एक बैच तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था पर पड़ेगा। हर टलती तारीख का अर्थ छात्रों के जीवन में समय, अवसर और भविष्य का लगातार पीछे खिसकना है। जब किसी एक परीक्षा पर उठे सवाल पूरे चिकित्सा शिक्षा ढांचे की साख को हिला दें, तो यह केवल शैक्षणिक मुद्दा नहीं, बल्कि सिस्टम की गहरी विफलता बन जाता है। एआईआईएमएस, जेआईपीएमईआर जैसे शीर्ष संस्थानों में प्रवेश नीट पर निर्भर है, और उसी परीक्षा की पारदर्शिता संदिग्ध हो जाए, तो पूरा मेडिकल भविष्य अस्थिर हो जाता है। छात्रों का असंतोष अब केवल भावनात्मक नहीं रहा, बल्कि एक संगठित और निर्णायक मांग में बदल चुका है—कड़ी सुरक्षा, वास्तविक डिजिटल पारदर्शिता और स्वतंत्र निगरानी व्यवस्था की।सीबीआई जांच की घोषणा ने भले ही उम्मीद जगाई हो कि दोषियों तक पहुंच संभव होगी, लेकिन केवल जांच अपने आप में समस्या का समाधान नहीं बन सकती। असली आवश्यकता गहरे प्रणालीगत सुधारों की है—जो केवल तकनीक तक सीमित न होकर प्रशासनिक ढांचे और संरचना दोनों को मजबूत करें। यदि स्पष्ट और कठोर जवाबदेही तय नहीं की गई, तो ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना कठिन होगा। परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, नियमित निगरानी और सख्त ऑडिट प्रणाली अब कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है।जब एक ही परीक्षा 22 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य का निर्णायक आधार बन जाए और वही बार-बार विवादों के घेरे में फँसती रहे, तो यह केवल शैक्षणिक असफलता नहीं बल्कि राष्ट्रीय प्रतिभा के क्षरण का गंभीर संकेत है। हर बार छात्रों का समय, परिश्रम और मानसिक ऊर्जा दांव पर लगती है, जबकि व्यवस्था में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता। यह स्थिति अब सामान्य चिंता नहीं, बल्कि स्पष्ट चेतावनी बन चुकी है कि यदि तुरंत ठोस और निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो व्यवस्था पर से भरोसा पूरी तरह टूट सकता है।

## मोदी के राष्ट्रहित के आह्वान में भी राजनीति क्यों?

**ललित गर्ग**

आज पूरी दुनिया एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, ऊर्जा संकट और वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं ने मानव सभ्यता को नई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है। खाड़ी देशों में लंबे समय से चल रहे संघर्ष और युद्ध की विभीषिका ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहरे तक प्रभावित किया है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं का बाधित होना, डॉलर के मुकाबले विभिन्न देशों की मुद्राओं का कमजोर होना और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उत्पन्न असंतुलन ने लगभग हर राष्ट्र की आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित किया है। भारत भी इन परिस्थितियों से अछूता नहीं रह सकता। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है और सोने का भी विश्व के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन के संयमित उपयोग और सोने की खरीद को सीमित करने का आह्वान केवल एक आर्थिक सलाह नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में किया गया दूरदर्शी चिंतन है। दुर्भाग्य यह है कि मोदी की मितव्ययिता की अपील पर पूरे देश को एकजुट होकर गंभीरता से विचार करना चाहिए था, उस विषय को भी राजनीतिक विवाद का हथियार बना दिया गया। कुछ विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री की इस अपील को जनता में भय फैलाने वाला कदम बताया, तो कुछ ने इसे सरकार की विफलताओं को छिपाने का प्रयास कहा। जबकि वस्तुत: यह अपील राष्ट्र को भविष्य की संभावित चुनौतियों के प्रति सचेत करने और समय रहते आत्मानुशासन अपनाने का संदेश है। यह राजनीति का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी का प्रश्न है। जब विश्व के बड़े-बड़े राष्ट्र आर्थिक संकटों से जूझ रहे हों, तब भारत के प्रधानमंत्री यदि नागरिकों को संयम एवं मितव्ययिता का सूत्र देते हैं तो उसे राजनीतिक चश्मे से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दृष्टि से देखा जाना चाहिए।

# भाजपा की बंगाल फतह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अहम योगदान, हिंदुओं के लिए अभी नहीं तो कभी नहीं की स्थिति थी

अजय दीक्षित

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 25 वर्षों की मेहनत का परिणाम है कि 2026 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी की तुड़मूल कांग्रेस को हरा कर 207 सीट जीती और सत्ता हासिल की ।यह चमत्कार एक दिन या साल में नहीं हुआ बल्कि एक चौथाई शताब्दी लग गई। 21वीं सदी के आरंभ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य गतिशीलता से आरंभ हुआ हालांकि संघ आजादी के बाद से ही पश्चिमी बंगाल में जड़े जमाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन इस कार्य तेजी जब आई तब केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बनी । तत्कालीन समय में संघ के क्षेत्रीय प्रचारक माखनलाल सरकार ने विद्या भारती की स्थापना की और कोलकाता में सरस्वती शिशु मंदिर स्थापित किए गए। धीरे धीरे ग्राम भारती, संस्कृत भारती, विश्व हिंदू परिषद, बनवासी कल्याण परिषद, मजदूर संघ,आदि संगठन बाजूद में आए। मजदूर संघ के प्रचारक तपन चक्रवर्ती कहते हैं कि लेफ्ट पार्टियों की सरकार ने इन संगठनों पर लगाम लगाने की कोशिश की । सीपीएम, सीपीई, आरएसपी के लोगों ने सरस्वती शिशु मंदिर को जलाने की कई कोशिशें की। कई शिक्षक मारे गए। लेकिन संघ ने हार नहीं मानी ।2010 के आते जाते 5000 से अधिक विद्यालय स्थापित हो गया था।

ये विद्यालय बिना शासकीय मदद के संचालित हो रहे थे।


लेकिन बंगाल में कार्य करना आसान नहीं होता था।इन विद्यालयों में ग्राम भारती, संस्कृत भारती, बनवासी कल्याण परिषद, सेवा भारती,के प्रकल्प शामिल है कुछ विद्यालय विवेकानन्द विद्या विकास समिति के माध्यम से भी संचालित हैं। भारत में पहला सरस्वती शिशु मंदिर गोरखपुर



में 1952 में नाना जी देशमुख ने स्थापित किया था।

आजादी के समय जो देश का विभाजन हुआ उसमें मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र को पाकिस्तान में शामिल किया गया और वह क्षेत्र आजादी के बाद पूर्वी पाकिस्तान कहलाया इस हिस्से में हिंदू भी थे जिन्होंने भागकर पश्चिमी बंगाल में शरण ली ऐसा पंजाब में भी हुआ था। लेकिन तब भी पश्चिमी बंगाल में अच्छीखासी संख्या में मुस्लिम रह गए और वे भारत के नागरिक बने। इनकी संख्या, 25 फीसदी के आसपास पहुंच गए हैं। मिदनापुर,मालदा, वीरभूमि, मुर्शिदाबाद, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, प्रेसीडेंसी, कोलकाता में 35 फीसदी तक मुस्लिम होगए।इस कारण ये लोग हिंसा करने को उतारू हो गए। हिंदू आवादी प्राय: शांत रहने की आदी है। दूसरे मुस्लिम वोट पहले सीपीएम, सीपीई, RSP लेफ्ट पार्टियों जाता था और बाद में तृणमूल कांग्रेस से जुड़ गया जबकि हिन्दू वोट का बटवारा हो जाता था जिससे कोई भी पार्टी जीतती वह मुस्लिम तुष्टिकरण करती है। सरकारी योजनाओं का मुस्लिम जम कर उठा रहे थे। पूरे बंगाल में इस प्रकार का माहौल हो गया था। संघ की पत्रिका के संपादक जॉय बनर्जी कहते हैं कि संघ इस बात को लेकर चिंतित था।

2011 में ममता बनर्जी बंगाल में सत्ता आई तो कुछ मामला ठीक हुआ लेकिन लेफ्ट पार्टियों में मुस्लिमों को खासा समर्थन था। 2016 में भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों में 11.42 वोट हासिल किए तो संघ को लगा कि अब मौका है । दूसरी ओर मोदी सरकार केंद्र में स्थापित हो गई थी तो सुरक्षा में भी इजाफा हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 लोकसभा सीट जीतकर सत्ता परिवर्तन का रास्ता खोल दिया था।2021 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूरी कोशिश की ।तो भारतीय जनता पार्टी को आंशिक सफलता मिली लेकिन 77 विधायक चुने गए। 2021 से 2026 तक के कालखंड में शिवेंदु अधिकारी, दिलीप घोष, लॉकेट चटर्जी,आदि नेताओं ने जमकर तुड़मूल का सड़को पर विरोध किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जनजागरण का कार्य किया। लोगो का तुड़मूल में बहुत विरोध हुआ। संदेश खाली,आर जी कर जैसी महिलाओं पर अत्याचार जैसी घटनाएं हुई। 2025 का विधानसभा चुनाव बंगाल के हिंदुओं के लिए अंतिम मौका था । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने दो लाख बैठके जनजागरण के लिए की । एस आई आर मतदाता सूची के गहन परीक्षण से साठ लाख लोगों को फर्जी वोटर पाया।चुनाव आयोग ने 2400 बटालियन सीआरपीएफ की लगाई जो मतदाता को निर्भय होकर मतदान कराना निश्चित किया । तब जाकर रिकॉर्ड 93 फीसदी मतदान हुआ ।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। माता-पिता आज अपने बच्चों के लिए समय निकालेंगे और उनके साथ गेम खेलेंगे। सिंगर्स को आज किसी बड़े एल्बम में गाने का मौका मिल सकता है। आज ऑफिस के काम को समय से पूरा करने में आपको सफलता मिलेगी।

वृषभ राशि: वृष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आप किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज आपका दिन नई उमंगों भरा रहेगा। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बिताएंगे। साथ ही आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। परिवार से जुड़ी बड़ी परेशानी खत्म होने के योग हैं।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज अनावश्यक सोचने से बचें, नहीं तो आपकी उलझनें बढ़ सकती हैं। आज घरवालों के साथ खुशी का वातावरण रहेगा। आज जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार अवश्य करें। उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आप अपने दोस्त के साथ शाम को पार्टी करेंगे। आज कार्य स्थल पर आप उत्साह के साथ काम करेंगे, कलीग्स आपको फॉलो करेंगे। लेखकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज परिवार में सुख समृद्धि का माहौल रहेगा। किसी नए भवन के निर्माण के लिए आज आप अपने भाइयों से विचार विमर्श करेंगे।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से जरूरी काम निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। किसी कविता या कहानी के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आप नया वाहन लेने का प्लान बना सकते हैं।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके विचारों को अहमियत मिलेगी, आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आप माता पिता के साथ बैठकर भविष्य की योजनाओं पर बात करेंगे। आज आप किसी व्यक्ति को जरूरी काम करने के लिए साहस देंगे, ऐसा करके आपको अच्छा फील होगा।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप जीवनसाथी के साथ घूमने जाएंगे, जिससे रिश्ते में और मजबूती आएगी। आप एक दूसरे की भावनाओं को समझने के साथ ही जीवन की हर परिस्थिति में साथ देने का वादा भी करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स आज किसी विशेष टॉपिक को समझने के लिए अपने सीनियर्स की मदद लेंगे।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आप किसी व्यक्ति की बातों से प्रभावित होंगे। आज समस्याओं से घबराने के बजाय उनको शांत मन से सुलझाने की कोशिश करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की खास जरूरत है।

कुम्भ राशि: कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दोस्त शाम के लिए बढ़िया योजना बनाकर आपकी शाम खुशनुमा कर देंगे। आज आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आज अच्छे काम के कारण लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।

मीन राशि: मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके करियर में एक नया मोड़ आने वाला है। यह आपके लिए बढ़िया साबित होगा। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आगे चलकर आपकी गहरी दोस्ती हो सकती है। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, काम करने में मन लगा रहेगा।

# किस्सा थलपति के सीएम बनने का

## तमिलनाडु : पेंच से पेंच निकालने का खेल

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

सिनेमा से सियासत में आये 51 वर्षीय विजय जोसेफ चंद्रशेखर अंतत: जुम्मे के रोज तीन पार्टियों के समर्थन से मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुँचने में कामयाब हो गये। चार मई के नतीजों से उनकी बांछे खिलना स्वाभाविक था, अलबत्ता उनके और कुर्सी के दरम्यां दस कदमों का फासला था। एकबारगी शपथ लेने के बाद इसे पूरना कठिन नहीं था, किंतु राज्यपाल राजेन्द्र अर्लेकर की शपथ-पूर्व बहुमत की तस्दीक की शर्त ने उन्हें राजभवन से बैरंग लौटने को विवश कर दिया। इससे उनके लाखों समर्थकों और विधायकों में जहां मायूसी फैली, सियासत की मुंडेर पर अटकलों के सब्जों के उगने का क्रम तेज हो गया। इसके बाद घड़ी के काँटे तेजी से घूमे और काँटे से काँटा निकालने का दिलचस्प खेल देखने को मिला।

नयी सरकार के गठन में राज्यपाल के पहले नुकीले काँटे ने एक साथ आशंकाओं और संभावनाओं को जन्म दिया। देखते-देखते कई काँटे उग आये। सबसे बड़ा काँटा था दोनों द्रविड़ दलों के एक मंच पर आने का, लेकिन लंबी पारी खेलने के अनुभवी खिलाड़ी एवं पूर्व सीएम स्तालिन ने इस काँटे को यह कहकर दूर कर दिया कि वह विपक्ष में बैठने के जनादेश का पालन करेंगे। बड़े दिल का परिचय देते हुए उन्होंने थलपति को शपथ दिलाने का समर्थन करते हुये यहां तक कहा कि द्रमुक आगामी छह माह तक कोई विरोध या आंदोलन नहीं करेगी। उनके अपने पारंपरिक बैरी से हाथ मिलाकर और हॉर्स ट्रेडिंग को बढ़ावा देने का कोई प्रश्न ही नहीं था।

जहां तक कांग्रेस का प्रश्न है, कांग्रेस ने वक्त के तकाजे को बूझा और दुविधा के बजाय तुरंत फैसला



लिया। राहुल गांधी ने कहा कि यह जनादेश युवकों की बढ़ती आवाज को दिखाता है, जिसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता। कांग्रेस ने बाहरी समर्थन के बजाय भागीदारी को चुना। यकीनन कर्नाटक, तेलंगाना, केरलम के बाद तमिलनाडु में सत्ता में आने से उसे नयी गिजा मिलेगी। इस सारे प्रसंग का अहम पहलू यह भी है कि विजय और उनके पिता के मन में कांग्रेस के प्रति स्वाभाविक आसक्ति है और टीवीके की सत्ता को वे भाजपा की परछाईं से भी दूर रखना चाहते थे। यह अकारण नहीं है कि बीजेपी की प्रांतीय ईकाई की उपाध्यक्ष खुशबू सुंदर ने थलपति के पक्ष में बयान दिया और कमलहासन और प्रकाश राज जैसी हस्तियों ने थलपति को सीएम पद की शपथ दिलाने का समर्थन किया।

तमिलनाडु में चले घटनाक्रम का एक बड़ा खटकेनुमा पेंच यह था कि कहीं राज्यपाल अर्लेकर दिल्ली की शह पर तमिलनाडु में राष्ट्रपति शासन न लगा दें। दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों-सीपीआई और सीपीएम ने इस पेंच को समझ लिया। दोनों ही दल चाहते थे कि तमिलनाडु में जनादेश लागू हो और राज्य सरकार दिल्ली के रिमोट से नहीं चले। इसीलिये राष्ट्रपति शासन, खरीद फरोख्त और अवसरवादिता को रोकने के ऐलान के साथ उन्होंने बाहर से समर्थन की घोषणा की। दो सीटों की बाकी कमी वीसीके (विदुथलाई चिरूथिगल काची) ने पूरी कर दी। बताते चलें कि वीसीके ब्लैक पैंथर्स और दलित पैंथर्स की तर्ज पर गठित पार्टी है। सन 1990 के दशक में दलित नेता के तौर पर उभरे इसके संस्थापक अध्यक्ष थोल तिरूमावलवन के बारे में कयास लगाया जा रहा है कि वह लोकसभा से इस्तीफा देकर विजय-सरकार में शामिल हो सकते हैं। इस सारे कथाक्रम का एक और बड़ा पहलू यह है कि नतीजों की छाँव में अन्नाद्रमुक ने बीजेपी से रिश्ते एक बार फिर तोड़ लिये हैं। यह भी खबर है कि राहुल पर्दे के पीछे से थलपति को लगातार गाइड कर रहे हैं।

## बंगाल में असम मॉडल अपनाएगी भाजपा, सीएम सुवेंदु बोले- अवैध घुसपैठियों पर होगी सख्त कार्रवाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को अवैध घुसपैठ के खिलाफ असम की तर्ज पर सख्त कार्रवाई करने का संकेत दिया। उन्होंने सीमा पर कड़ी निगरानी, बांग्लादेश सीमा पर तेजी से बाड़ लगाने और पीएम नरेंद्र मोदी के पूर्वोदय अभियान के तहत BJP-शासित पूर्वी राज्यों के बीच बेहतर तालमेल का वादा किया। असम में सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के दूसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान यह बातें उन्होंने कही। इसके साथ ही सीएम सुवेंदु ने असम और त्रिपुरा को बंगाल की सुरक्षा और राजनीतिक रणनीति के लिए एक मिसाल के तौर पर पेश किया। उन्होंने आगे कहा, देश के हित में असम और त्रिपुरा में जिस तरह का काम किया गया है, अब BJP बंगाल में भी वैसा ही काम करेगी। इस तरह उन्होंने असम की सीमा सुरक्षा रणनीति को बंगाल के लिए BJP के रोडमैप से जोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा, असम की तरह ही, हम भी अवैध घुसपैठियों से निपटने और बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे

## तमिलनाडु में बड़ा उलटफेर, विजय को फ्लोर टेस्ट में मिला 144 विधायकों का समर्थन; एआईएडीएमके में टूट!

नई दिल्ली(आरएनएस)। तमिलनाडु में सी. जोसेफ विजय की टीवीके सरकार फ्लोर टेस्ट में पास हो गई है। तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर ने इसकी घोषणा की। विश्वासमत के समर्थन में 144 विधायकों ने वोट दिया, जबकि विरोध में 22 वोट पड़े। इसके अलावा 5 विधायक गैर मौजूद रहे।

इससे पहले जब फ्लोर टेस्ट की कार्यवाही चल रही थी, उसमें कांग्रेस और वामपंथी दलों ने सरकार को समर्थन दिया। जबकि विपक्षी डीएमके ने सदन से वॉकआउट किया और मतदान में हिस्सा नहीं लिया। वहीं, बीजेपी अपने एकमात्र विधायक के साथ तटस्थ रही। इससे पहले, मुख्यमंत्री विजय ने विश्वास मत हासिल करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। संबंधित पार्टियों के सदन के नेताओं को सबसे पहले बोलने की अनुमति दी गई। एआईएडीएमके के जनरल सेक्रेटरी के पलानीस्वामी ने कार्यवाही में विजय की सरकार का विरोध किया

## अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस का बदला रूट, सीमांचल से पंजाब-दिल्ली का सफर होगा आसान

किशनगंज,(आरएनएस)। रेलवे बोर्ड ने 14663/14664 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस को लेकर नया आदेश जारी किया है। 11 मई 2026 को जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार, ट्रेन के रूट, ठहराव (स्टॉपेज) और समय-सारणी में

महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।यह नया आदेश 25 फरवरी 2026 को जारी पुराने आदेश का स्थान लेगा। रेलवे मंत्रालय के निर्देश के बाद अब यह ट्रेन संशोधित मार्ग से नियमित रूप से संचालित की जाएगी।सबसे खास बात यह है कि रेलवे बोर्ड द्वारा जारी वाणिज्यिक ठहराव सूची में ठाकुरगंज स्टेशन को भी शामिल किया गया है। इससे किशनगंज, ठाकुरगंज, अररिया, सिलीगुड़ी और नेपाल सीमा क्षेत्र के यात्रियों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से इस क्षेत्र के लोग उत्तर भारत के लिए बेहतर रेल सुविधा की मांग कर रहे थे।

## प्रतीक यादव के निधन से दुखी अखिलेश, बोले- कानून और परिवार जो तय करेगा, वही मानेंगे

लखनऊ,(आरएनएस)। सपा मुखिया अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव के बुधवार को हुए निधन से यादव परिवार और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। प्रतीक यादव के निधन के बाद अखिलेश यादव लखनऊ स्थित पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे, जहां वह काफी देर तक मौजूद रहे। बाहर निकलने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में गहरा दुख जताते हुए कहा कि कुछ महीने पहले उनकी प्रतीक से मुलाकात हुई थी और उन्होंने उन्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी थी। अखिलेश यादव ने कहा, करीब दो महीने पहले हमारी मुलाकात हुई थी। मैंने उनसे कहा था कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और अपने कारोबार को आगे बढ़ाएं। कई बार कारोबार में नुकसान होने पर व्यक्ति अंदर से टूट जाता है। उन्होंने अपने छोटे भाई को याद करते हुए कहा, मैंने प्रतीक को बचपन से देखा है। यह बेहद दुखद है कि वह आज हमारे बीच नहीं हैं। वह जीवन में आगे बढ़कर काम करना चाहते थे। उनके जाने से परिवार को गहरा आघात पहुंचा है।

मौत के कारणों को लेकर पूछे गए सवाल पर सपा प्रमुख ने संयमित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि परिवार और कानून जो तय करेगा, वही स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने कहा, कानून और परिवार के लोग जो कहेंगे, हम उसी बात को मानेंगे। हम पूरी तरह कानूनी रास्ता अपनाएंगे। उधर, सैफई स्थित यादव परिवार के पैतृक आवास के बाहर सन्नाटा पसरा हुआ है। परिवार के अधिकांश सदस्य लखनऊ रवाना हो गए हैं। इटावा और सैफई क्षेत्र में भी शोक का माहौल देखा जा रहा है। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का शव, पोस्टमॉर्टम के लिए लखनऊ स्थित केजीएमयू लाया गया है।

# पीएम मोदी ने पेश की मिसाल, अपने काफिले का आकार घटाया; संसाधन बचत का दिया बड़ा संदेश

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर सादगी, प्रशासनिक दक्षता और संसाधनों के संतुलित उपयोग का संदेश दिया है। जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी ने अपने हालिया घरेलू दौरों के दौरान काफिले में शामिल वाहनों की संख्या कम कर दी है। खास बात यह रही कि इस बदलाव में सुरक्षा मानकों से किसी तरह का समझौता नहीं किया गया। सूत्रों के मुताबिक, वडोदरा और गुवाहाटी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के काफिले में पहले की तुलना में कम वाहन शामिल किए गए। हालांकि, SPG के सभी जरूरी सुरक्षा प्रोटोकॉल पूरी तरह लागू रहे। सुरक्षा से जुड़े आवश्यक वाहन यथावत रखे गए, जबकि गैरजरूरी गाड़ियों की संख्या सीमित कर दी गई।

### खुद उदाहरण पेश कर दिया बड़ा संदेश

यह फैसला हैदराबाद में प्रधानमंत्री के संबोधन के तुरंत बाद सामने आया। इसे प्रशासनिक दक्षता, ट्रैफिक प्रबंधन और आम लोगों की सुविधा से जोड़कर देखा जा रहा है। अक्सर VVIP मूवमेंट के दौरान लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। ऐसे में पीएम मोदी ने खुद काफिला छोटा कर ईंधन बचत और सादगी का संदेश देने की कोशिश की है।

### सरकारी खर्च और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर

प्रधानमंत्री के इस कदम की राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। यूपी और एमपी समेत कई राज्यों में मुख्यमंत्री और



मंत्रियों को भी काफिले का आकार सीमित रखने के निर्देश दिए गए हैं। माना जा रहा है कि इससे सरकारी संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल और अनावश्यक खर्च में कमी लाने का संदेश जाएगा।

### हैदराबाद भाषण में की थी बचत की अपील

हाल ही में हैदराबाद में दिए गए संबोधन में पीएम मोदी ने लोगों से विदेशी मुद्रा और ईंधन बचाने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि लोग अगले एक साल तक सोना खरीदने से बचें। साथ ही, कोरोना काल की तरह वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन मीटिंग और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसी व्यवस्थाओं को अपनाने पर भी जोर दिया था। पीएम मोदी ने कहा था कि दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं, इसलिए ईंधन की बचत बेहद जरूरी है।

## युद्ध संकट के बीच पीएम मोदी का मास्टरस्ट्रोक, ऊर्जा संकट दूर करने के लिए 5 देशों के अहम दौरे पर जाएंगे प्रधानमंत्री

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। ईरान और अमेरिका के बीच गहराते युद्ध के संकट और कच्चे तेल की बढ़ती किल्लत की आशंकाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही पांच देशों के बेहद अहम दौरे पर जाने वाले हैं। बीते दिनों पीएम मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील के बाद इस दौरे को भारत की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के लिए एक बड़ा 'गेम चेंजर' माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय (MEA) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान जारी कर इस बहुप्रतीक्षित यात्रा की विस्तृत जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मौजूदा वैश्विक हालातों को देखते हुए भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए नए मजबूत साझेदारों की तलाश में है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के इस पांच देशों के दौरे का पहला और सबसे अहम पड़ाव संयुक्त अरब अमीरात ( UAE) होगा। भारत और यूएई के बीच पहले से ही कई स्तरों पर बेहद मजबूत और रणनीतिक संबंध हैं, जिसमें ऊर्जा सुरक्षा एक बहुत बड़ा हिस्सा है। पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान खास तौर पर ऊर्जा जरूरतों, तेल की निर्बाध आपूर्ति और दोनों देशों के बीच व्यापार व निवेश को नई ऊंचाई पर ले जाने को लेकर अहम चर्चा होगी। इसके अलावा यूएई में रहने वाले लाखों प्रवासी भारतीयों के हितों और उनके योगदान पर भी विशेष तौर पर बात की जाएगी।



नई दिल्ली में, नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) के अधिकारी हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े होने के आरोपी नार्को-आतंकवादी इक़बाल सिंह उर्फ शेरा को पटियाला हाउस कोर्ट से बाहर ले जा रहे हैं; पुर्तगाल से प्रत्यर्पण के बाद उसे दो दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा गया है।

## सोनिया गांधी को गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में कराया गया एडमिट, होनी है सर्जरी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को बुधवार को गुरुग्राम स्थित मेदांता में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, उन्हें एक छोटी सर्जरी के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि, सर्जरी से जुड़ी विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है।इससे पहले मार्च 2026 में भी तबीयत बिगड़ने के बाद सोनिया गांधी को दिल्ली के सर गंगा राम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उस समय चिकित्सक अरूप बसु की निगरानी में उनका उपचार चला था। बताया गया था कि उन्हें फेफड़ों से जुड़ी समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था।



राजनीतिक दृष्टि से भी यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि सोनिया गांधी इस समय केरल में सरकार गठन को लेकर अहम भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा की जीत के बाद कांग्रेस वहां सरकार बनाने की प्रक्रिया में जुटी हुई है। इस सिलसिले में दिल्ली और तिरुवनंतपुरम में कई दौर की बैठकों का आयोजन हो चुका है। सूत्रों के अनुसार, केरल में मुख्यमंत्री पद को लेकर पार्टी के भीतर मंथन जारी है। केसी वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला और वीडी सतीशन को प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। हाल ही में हुई बैठक में तीनों नेताओं ने अपनी-अपनी दावेदारी रखी, हालांकि अंत में सभी ने शीर्ष नेतृत्व के फैसले को स्वीकार करने की बात कही।

## नई दिल्ली में ब्रिक्सः विदेश मंत्रियों की बैठक का आगाज

नई दिल्ली (ए.)। नई दिल्ली में 14 और 15 मई को ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो गई है। भारत इस साल 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, और इसी कड़ी में इस दो दिवसीय आयोजन में सदस्य देशों तथा कई आमंत्रित राष्ट्रों के वरिष्ठ राजनयिकों का जमावड़ा लगा है। बैठक का उद्देश्य वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करना। इस बैठक में ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया और इंडोनेशिया के विदेश मंत्रियों के शामिल होने की संभावना है। संयुक्त अरब अमीरात का प्रतिनिधित्व उप-विदेश मंत्री स्तर पर होने की उम्मीद है, जबकि चीन के शेरपा का प्रतिनिधिमंडल इसमें शिरकत करेगा। दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंध मंत्री रोनाल्ड ओजी लामोला मंगलवार को और इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगिओनो बुधवार को नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। ईरान ने भी अपने विदेश मंत्री अब्बास अराघची के शामिल होने की सूचना दी है, हालांकि क्षेत्रीय स्थिति के कारण उनकी योजना में बदलाव संभव है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी जल्द पहुंचने वाले हैं, जहां वे अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेगा। उल्लेखनीय है कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी व्यस्तता के चलते बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं; उनके स्थान पर भारत में चीन के राजदूत शी फीहोंग प्रतिनिधित्व करेंगे। चीन ने भारत द्वारा ब्रिक्स की अध्यक्षता करने के लिए समर्थन व्यक्त किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, 14 मई को विदेश मंत्रियों का आगमन भारत मंडपम में हुआ, जिसके बाद पहले सत्र की शुरुआत हुई। दिन के एक बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सभी मंत्रियों की संयुक्त मुलाकात हुई और शाम को विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर की तरफ से रात्रिभोज का आयोजन किया गया।

## सरकार का ऐलान, महिलाओं को मिलेंगे 3000 रुपये, इस तारीख को बैंक खाते में आएंगे पैसे

नई दिल्ली(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार ने अपने पहले ही दिन बड़े फैसलों का ऐलान कर राजनीतिक हलकों में हलचल बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की अगुवाई में हुई पहली कैबिनेट बैठक में महिलाओं को केंद्र में रखते हुए कई अहम घोषणाएं की गईं। सरकार ने साफ संकेत दिया है कि उसका फोकस महिला सशक्तिकरण और सीधे आर्थिक सहायता पर रहेगा।

नबन्ना सचिवालय में आयोजित कैबिनेट बैठक के बाद सरकार ने घोषणा की कि 1 जून से राज्य की पात्र महिलाओं को 'अन्नपूर्णा भंडार' योजना के तहत हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। नई सरकार ने इसे महिलाओं की आर्थिक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम बताया है। खास बात यह है कि यह योजना पिछली सरकार की 'लक्ष्मी भंडार' योजना का ही एक बड़ा और बेहतर रूप है। जहां पहले महिलाओं को 1,000 या 1,200 रुपये के आसपास मिलते थे, वहीं अब बीजेपी सरकार के वादे के मुताबिक, इसे बढ़ाकर सीधा 3,000 रुपये कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि यह योजना पिछली सरकार की 'लक्ष्मी भंडार' योजना का विस्तारित और संशोधित रूप होगी। पहले जहां महिलाओं को सीमित आर्थिक सहायता मिलती थी, वहीं अब राशि बढ़ाकर सीधे 3,000 रुपये कर दी गई है। सरकार के मुताबिक जो महिलाएं पहले से लक्ष्मी भंडार योजना का लाभ



ले रही थीं, उन्हें दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। पुराने लाभार्थियों को स्वत: नई योजना में शामिल किया जाएगा। सरकार ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की भी घोषणा की है। 1 जून से राज्य परिवहन की सरकारी बसों में महिलाओं को बिना किराए सफर करने की सुविधा मिलेगी। सरकार का कहना है कि इससे कामकाजी महिलाओं, छात्राओं और ग्रामीण इलाकों से आने-जाने वाली महिलाओं को आर्थिक राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि पिछली सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है, उन्हें जारी रखा जाएगा और जरूरत पड़ने पर उनमें सुधार भी किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में सरकार रोजगार, किसानों और युवाओं से जुड़े कुछ और बड़े फैसले ले सकती है। अगले सप्ताह होने वाली कैबिनेट बैठक में कई नई योजनाओं पर मुहर लगने की संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि नई सरकार शुरुआत से ही जनता के बीच मजबूत संदेश देने की कोशिश कर रही है। खासकर महिलाओं को सीधे आर्थिक लाभ और मुफ्त यात्रा जैसी योजनाओं को आगामी राजनीतिक रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

# इस मशहूर अभिनेता-निर्माता का हार्ट अटैक से निधन, 47 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

मुंबई,(आरएनएस)। कन्नड़ फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आई है। लोकप्रिय अभिनेता और निर्माता दिलीप राज का निधन हो गया है। उन्होंने 47 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। इस खबर के बाद से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर है। बताया जा रहा है कि बुधवार तड़के दिलीप राज की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द उठा, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में बेंगलुरु के कुमारस्वामी लेआउट इलाके स्थित अपोलो अस्पताल ले जाया गया।

तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। अस्पताल पहुंचने के कुछ ही समय बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जानकारी के अनुसार, उनकी मौत हार्ट अटैक की वजह से हुई है। दिलीप राज के निधन की खबर सामने आते ही कन्नड़ फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर फैंस लगातार दुख जाहिर कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इंडस्ट्री ने एक बेहद प्रतिभाशाली कलाकार को खो दिया है। कई कलाकारों ने उन्हें मेहनती, विनम्र और नेकदिल इंसान बताया।

दिलीप राज का जन्म 2 सितंबर 1978 को बेंगलुरु में हुआ था। बचपन से ही उनका झुकाव कला और मनोरंजन की दुनिया की तरफ था। कॉलेज के दिनों में उन्होंने थिएटर किया और अभिनय की बारीकियां सीखीं। थिएटर में अपनी पहचान बनाने के बाद दिलीप राज ने टेलीविजन इंडस्ट्री की ओर कदम बढ़ाया। उन्होंने छोटे पर्दे से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। शुरुआत में उन्होंने कई कन्नड़ सीरियल्स में काम किया और धीरे-धीरे दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो गए।'कंबडा माने', 'जननी', 'अर्ध सत्य', 'रंगोली', 'मांगल्या' और 'कुमकुम भाग्य' जैसे सीरियल्स ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। इसके बाद दिलीप राज ने फिल्मों की दुनिया में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

उन्होंने साल 2005 में रिलीज हुई 'ब्वॉयफ्रेंड' से फिल्मी करियर की शुरुआत की। हालांकि, उन्हें असली पहचान साल 2007 में आई 'मिलन' से मिली। इस फिल्म में उन्होंने खलनायक की भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनके किरदार ने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी और वह कन्नड़ इंडस्ट्री के चर्चित कलाकारों में शामिल हो गए। इसके अलावा, उन्होंने 'यू-टर्न', '7 ओ क्लॉक' और 'लव मॉकटेल 3' जैसी फिल्मों में भी शानदार अभिनय किया।अभिनय के अलावा दिलीप राज ने निर्माता के तौर पर भी अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस डीआर क्रिएशंस के जरिए कई टीवी शोज बनाए। 'हिटलर कल्याणा' धारावाहिक से उन्हें बतौर निर्माता और अभिनेता दोनों रूपों में बड़ी सफलता मिली। यह शो दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ था।

## स्मार्ट मीटर डिफेक्टिव क्वालिटी पर सवाल



नई दिल्ली (ए.)। प्रदेश के कई शहरों में लगाए गए स्मार्ट मीटरों की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि कई मीटर कुछ ही महीनों में खराब हो गए, जबकि इन्हें तकनीकी परीक्षण और लैब टेस्ट के बाद लगाया गया था। कई घरों में मीटर की डिस्प्ले बंद हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं को रोजाना बिजली खपत की जानकारी नहीं मिल पा रही। कुछ मीटरों में रियल टाइम डेटा अपडेट नहीं होने और गलत रीडिंग दिखने की भी शिकायतें सामने आई हैं। बिजली कंपनियों का कहना है कि खराबी की तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक तौर पर मैन्युफैक्चरिंग दोष, डिस्प्ले मॉड्यूल की खराबी और वोल्टेज फ्लक्चुएशन को कारण माना जा रहा है। जिन क्षेत्रों से ज्यादा शिकायतें आई हैं, वहां तकनीकी टीमों को भेजा गया है। जरूरत पड़ने पर प्रभावित मीटरों को दोबारा लैब टेस्टिंग के लिए भेजा जाएगा।

## रायगढ़ में प्रदूषण नियंत्रण के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की सख्त कार्रवाई

### 25 उद्योगों पर 79 लाख रुपये से अधिक की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित

रायपुर(आरएनएस)। रायगढ़ जिले में वायु गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा लगातार सघन निगरानी और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। मंडल ने स्पष्ट किया है कि जिले की वायु गुणवत्ता सूचकांक ( AQI) 'संतोषजनक' से 'मध्यम' श्रेणी के बीच स्थिर बनी हुई है। पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए इस वर्ष अब तक 25 उद्योगों पर 79 लाख रुपये से अधिक की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित की गई है।आधुनिक तकनीक से वायु गुणवत्ता की सतत निगरानीरायगढ़ जिले में वायु गुणवत्ता की सटीक निगरानी के लिए 4 सतत परिवेशीय वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (CAAQMS) स्थापित की गई हैं। ये केंद्र खनन प्रभावित क्षेत्रों—कुंजेमुरा, मिलुपारा (तमनार), छाल (धरमजयगढ़) तथा औद्योगिक क्षेत्र पूंजीपथरा में संचालित हैं। इसके अतिरिक्त, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (NCAP) के अंतर्गत रायगढ़ शहर और ओ.पी. जिंदल औद्योगिक पार्क क्षेत्र में नियमित रूप से मैन्युअल मॉनिटरिंग भी की जा रही है। नियम उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस नीतिमंडल द्वारा पर्यावरणीय मानकों के उल्लंघन के मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। जनवरी 2026 से मई 2026 तक प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने वाले 8 उद्योगों पर 3 लाख 22 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# आपसे बेहतर कोई नहीं, पलक तिवारी के लिए रैपर किंग जिंदगी की सबसे बड़ी खुशी



हिंदी क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज लुक्खे से अभिनेत्री पलक तिवारी और मशहूर रैपर अर्पण कुमार चंदेल (किंग) ने अपना ओटीटी डेब्यू किया है। दोनों को दर्शकों की तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। सीरीज में पलक ने किंग (एमसी बदनाम) की बहन सनोबर का किरदार निभाया है। पलक ने इंस्टाग्राम पर किंग के लिए एक खास पोस्ट किया। इसमें पलक और किंग तरह-तरह के पोज देते नजर आए। पलक ने किंग की सराहना करते हुए लिखा, मेरे लिए हमेशा निहाल (किंग के किरदार का नाम) और दुनिया के लिए एमसी बदनाम। मेरे लिए हमेशा अर्पण और दुनिया के लिए किंग है। आपकी छोटी बहन होना मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी खुशी है। आपसे बेहतर कोई नहीं। मैं हमेशा आपकी सन्नो सनोबर रहूंगी, और आप हमेशा मेरे वीरा रहोगे।

उन्होंने आगे लिखा, लुक्खे हम दोनों के लिए एक नई शुरुआत है और मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि इसने मुझे आप जैसा इंसान दिया। मेरी जान ही नहीं, बल्कि मेरी रूह भी आपकी कद्र करती है।

चंडीगढ़ की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज रैप म्यूजिक, ड्रग्स और बदला लेने की कहानी दिखाती है। इसमें किंग एमसी बदनाम नाम के एक प्रसिद्ध और आक्रामक रैपर की भूमिका निभा रहे हैं। उनका किरदार एक ऐसे ड्रग बिजनेस से जुड़ा है जो डेमन नामक खतरनाक नशीले पदार्थ की तस्करी करता है।

वहीं, पलक तिवारी सनोबर नाम की एक लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो एमसी बदनाम (किंग) की बहन है। कहानी में मुख्य पात्र लकी (लक्षवीर सिंह सरन) को सनोबर (पलक) से प्यार हो जाता है।

एमसी बदनाम सीधे तौर पर डेमन ड्रग रैकेट चलाता है, जबकि पलक उसकी बहन के रूप में एक ऐसे परिवार का हिस्सा है, जो न केवल खतरनाक है, बल्कि पुलिस के रडार पर भी है।

सनोबर (पलक) अपने भाई (किंग) की गलत हरकतों और प्रेमी (लकी) के बीच फंसी नजर आती है, जिससे कहानी में भावनात्मक तनाव पैदा होता है। सीरीज का निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट अग्रिम जोशी और देबोजीत दास ने लिखी है।

# फिर बदली वरुण धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' रिलीज डेट, अब 5 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी मूवी, 2-2 हीरोइन संग किया है रोमांस




आए दिन फिल्मों की रिलीज डेट में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों 'बंदर' की रिलीज डेट बदली। वहीं आज यश की मच अवेटेड 'टॉक्सिक' फिर आगे बढ़ गई। अब वरुण धवन की 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज में भी एक बार फिर बदलाव किया गया है। 22 मई को रिलीज होने वाली ये फिल्म अब नए बदलाव के साथ अपनी पुरानी रिलीज डेट यानी 5 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

'टॉक्सिक' की रिलीज डेट में बदलाव के बाद अब मेकर्स ने 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज डेट को भी फिरसे बदल दिया है। दरअसल, 'है जवानी तो इश्क होना है' अभी तक 22 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन आज जैसे ही 'टॉक्सिक' की रिलीज डेट 4 जून से आगे बढ़ी, वैसे ही मेकर्स ने 'है जवानी तो इश्क होना है' की रिलीज को 22 मई से बदलकर 5 जून कर दिया है।

जाहिर है कि 'है जवानी तो इश्क होना है' की असल रिलीज डेट भी 5 जून ही थी, लेकिन 4 जून को 'टॉक्सिक' के रिलीज होने के चलते, मेकर्स ने इसे पहले 22 मई को ही रिलीज करने का फैसला किया था। लेकिन अब 'टॉक्सिक' 4 जून को रिलीज नहीं हो रही है। इसलिए वरुण धवन की फिल्म अपनी असल रिलीज डेट 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

फिल्म की रिलीज डेट बदलने पर वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने फिल्म के दो नए पोस्टर भी साझा किए और साथ ही यश और मैडॉक फिल्म्स को धन्यवाद भी बोला।

वरुण ने रिलीज डेट की जानकारी देते हुए लिखा, 'है जवानी तो इश्क होना है 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यश और मैडॉक फिल्म्स का धन्यवाद जिन्होंने हमारी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है की रिलीज डेट तय करने में मदद की। अब यह फिल्म अपनी तय तारीख पर ही रिलीज होगी। आईपीएल के बाद रिलीज होने वाली यह पहली फिल्म है।"है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट की घोषणा के बाद अब बॉक्स ऑफिस पर वरुण धवन की फिल्म की टक्कर बॉबी देओल की 'बंदर' से होगी। 'बंदर' भी 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 'बंदर' को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काफी सराहना मिली है। ऐसे में फिल्म को लेकर लोगों में उत्सुकता है। अब देखना ये है कि 5 जून को होने वाले बॉक्स ऑफिस क्लैश में कौन सी फिल्म बाजी मारती है।

डेविड धवन द्वारा निर्देशित 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन के साथ पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा फिल्म में मौनी रॉय, जिम्मी शेरगिल, मनीष पॉल, चंकी पांडे और राकेश बेदी समेत कई अन्य कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

# सोफी चौधरी ने टॉक शो की सफलता पर जताया आभार, खास नोट भी लिखा



गायिका और अभिनेत्री सोफी चौधरी इन दिनों चर्चित टॉक शो फेमसली फिट विद सोफी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सोफी ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी टीम के लिए पोस्ट किया। सोफी चौधरी ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वे बॉलीवुड के सेलेबस के साथ नजर आ रही हैं। दर्शकों की तरफ से शो को मिल रहे अपार प्यार ने सोफी को भावुक कर दिया। उन्होंने पोस्ट के जरिए बताया कि इस शो को बनाने का उद्देश्य लोगों को फिटनेस की तरफ जागरुक करना और सेलेब्स के जीवन की बातें सभी के सामने लाना है। उन्होंने लिखा, फेमसली फिट विद सोफी को जो प्यार मिल रहा है, उससे मैं सच में बहुत भावुक और आभारी हूं। मैंने यह शो इसलिए बनाया था ताकि यह लोगों को प्रेरित, एंटरटेन और सेलेब्स के साथ उनके जीवन पर वास्तविक बातचीत करना था। सच कहूं, तो यह सब हमारे दर्शक और बेहतरीन टीम की वजह से संभव हो पाया है।

उन्होंने लिखा, मेरे शो में आए मेहमानों का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने अपनी सच्चाई, ह्यूमर और दिल से अपनी कहानियां शेयर कीं। आप सभी के साथ हर बातचीत बहुत खास रही। कैमरे के पीछे काम करने वाली पूरी टीम का भी बहुत धन्यवाद, जिन्होंने इस शो पर उतना ही भरोसा किया जितना मैंने किया था।

सोफी ने पर्दे के पीछे काम करने वाली प्रोडक्शन टीम, अमेजन ब्रैंड्स और एमएक्स प्लेयर के सहयोग की भी जमकर सराहना की। उन्होंने लिखा, गौरव और पवनीत, इस सफर में साथ देने और प्रोजेक्ट को मिलकर बनाने के लिए बहुत शुक्रिया। साहिल, पवन और पूरी टीम, आपकी मेहनत और समर्पण के बिना यह संभव नहीं था।

अभिनेत्री ने यह भी लिखा, मेरी पर्सनल टीम आप सभी के बिना यह सफर पूरा नहीं हो सकता था। तनीषा और अंशिका, आपका भी तहे दिल से धन्यवाद। मेरे लंबे समय से ट्रेनर प्रशांत बंदल समेत बाकी की टीम को मुझे फिट रखने के लिए दिल से धन्यवाद। मेरी प्यारी मम्मा, आप मेरा सबसे बड़ा सहारा हो, आपसे बहुत प्यार है और आखिरी में, सभी दर्शकों का बहुत-बहुत धन्यवाद।


# सिस्टम में न्याय के लिए एकजुट होंगी सोनाक्षी सिन्हा और ज्योतिका, फिल्म 22 मई को ओटीटी पर देगी दस्तक

आज के समय में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ऐसी फिल्मों की मांग बढ़ गई है, जो समाज के असली मुद्दों को दिखाती हों। इसी कड़ी में अब एक नई फिल्म सिस्टम सामने आने वाली है, जो कानून, न्याय और सत्ता के बीच चलने वाली खींचतान को दिखाएगी। यह फिल्म एक ऐसी कहानी लेकर आ रही है, जिसमें दो अलग-अलग दुनिया की महिलाएं एक साथ आकर सच को सामने लाने की कोशिश करती हैं। फिल्म सिस्टम 22 मई 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह एक लीगल ड्रामा फिल्म है, जिसमें दिखाया जाएगा कि कैसे एक ताकतवर सरकारी वकील और एक साधारण स्टेनोग्राफर मिलकर उन सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करते हैं, जिन्हें लंबे समय से दबाया




गया है। कहानी में कई ऐसे मोड़ आते हैं, जहां उन्हें यह तय करना पड़ता है कि वे सत्ता का साथ दें या सही का। इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा ने नेहा राजवंश नाम की पब्लिक प्रॉसिक्यूटर का किरदार निभाया है, जो अपने काम में बहुत मजबूत और आत्मविश्वासी है। वहीं ज्योतिका सरिका रावत के रोल में नजर आएंगी, जो एक साधारण परिवार से आने वाली कोर्ट स्टेनोग्राफर है। दोनों की सोच, परवरिश और जिंदगी बिल्कुल अलग है, लेकिन जब बात न्याय की आती है तो वे एक साथ खड़ी होती हैं। फिल्म में इन दोनों का रिश्ता धीरे-धीरे मजबूत होता हुआ दिखाया जाएगा। फिल्म के प्रोड्यूसर हरमन बावेजा ने कहा, सिस्टम दो ऐसी महिलाओं की कहानी है, जो अपने-अपने तरीके से न्याय को समझती हैं और उसे पाने के लिए संघर्ष करती हैं। सोनाक्षी सिन्हा, ज्योतिका और आशुतोष गोवारिकर जैसे कलाकारों ने अपने अभिनय से इस कहानी को और भी प्रभावशाली बना दिया है।

# फिल्म द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो की रिलीज तारीख जारी, जैकी श्रॉफ का दिखेगा अलग अंदाज




2016 में एक फिल्म आई थी फ्लाइंग जट्ट, जिसमें टाइगर श्रॉफ को देसी सुपरहीरो के किरदार में देखा गया। अब उनके पिता और दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ सुपरहीरो बनने की तैयारी कर चुके हैं। उनकी फिल्म द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन का टीजर कुछ महीने पहले जारी किया गया था। अब जी स्टूडियो ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज तारीख बता दी है। यह परियोजना मनीष सैनी द्वारा लिखित और निर्देशित है। पोस्टर में जैकी को पौधा लिए देखा जा सकता है, जबकि उनके पीछे एक सुपरहीरो की छवि को दिखाया गया है। रिलीज पर अपडेट देते हुए कैप्शन में लिखा गया, फटा पोस्टर, निकला हीरो? सुपरहीरो दादाजी! द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो आप सब से मिलने सिनेमाघरों में 29 मई को आ रही है। फिल्म बचपन की मासूमियत और कल्पनाशीलता पर केंद्रित होने का संकेत देती है।

## मोहनलाल की 'दृश्यम 3' ने रिलीज से पहले दुनियाभर में मचाया तहलका, एडवांस बुकिंग में ही कर डाली बंपर कमाई

मलयालम सिनेमा की मच अवेटड सीक्वल फिल्मों में से एक 'दृश्यम 3' के साथ एक बार फिर मोहनलाल और जीतू जोसेफ की जोड़ी कमबैक कर रही है. इस सस्पेंस थ्रिलर को लेकर पहले ही फैंस में जबरदस्त एक्साइटमेंट हैं. इन सबके बीच ये फिल्म रिलीज से पहले ही दुनियाभर में प्री टिकट सेल में बवाल काट रही है. चलिए यहां जानते हैं 'दृश्यम 3' ने वर्ल्डवाइड एडवांस बुकिंग में कितनी कमाई कर डाली है ?दृश्यम 3 को लेकर सिनेमाघरों में रिलीज से पहले ही जबरदस्त क्रेज है. दरअसल फैंस जॉर्जकुट्टी को पर्दे पर फिर से देखने के लिए बेताब हैं. यह मलयालम क्राइम थ्रिलर 21 मई, 2026 को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है. वहीं फिल्म इंडस्ट्री पर नजर रखने वाली वेबसाइट एबी जॉर्ज के मुताबिक, 'दृश्यम 3' की वर्ल्डवाइड धुआंधार एडवांस बुकिंग हो रही है और इसने प्री टिकस सेल में अब तक लगभग 5.20 करोड़ रुपये कमा डाले हैं।

# मिक्सी में चुकंदर के जूस को बनाने के लिए आजमाएं ये 5 रेसिपी



चुकंदर का जूस न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि यह सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसमें विटामिन-सी और कई अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। इस लेख में हम आपको मिक्सी में चुकंदर के जूस की कुछ बेहतरीन रेसिपी बताएंगे, जिन्हें आप आसानी से घर पर बना सकते हैं। इन जूसों का सेवन आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी हो सकता है।

### चुकंदर और गाजर का जूस

चुकंदर और गाजर का जूस एक बेहतरीन मेल है, जो शरीर को ऊर्जा देता है और आंखों की रोशनी को बढ़ाता है। इसे बनाने के लिए आपको ताजे चुकंदर और गाजर की जरूरत होगी। सबसे पहले चुकंदर और गाजर को अच्छे से धोकर छील लें, फिर उन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इन टुकड़ों को मिक्सी में डालकर पीस लें और इसमें थोड़ी चीनी या शहद मिलाएं। फिर इसे ठंडा-ठंडा परोसें और इसका आनंद लें।

### चुकंदर और संतरे का जूस

संतरे का रस विटामिन-सी से भरपूर होता है, जो शरीर की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करता है, जबकि चुकंदर में मौजूद आयर्न खून के संचार को बेहतर बनाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले ताजे संतरे और चुकंदर को अच्छे से धोकर छील लें, फिर उन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इन टुकड़ों को मिक्सी में डालकर पीस लें और इसमें थोड़ी चीनी या शहद मिलाएं। ठंडा-ठंडा परोसें और इसका आनंद लें।

### चुकंदर और नींबू का जूस

नींबू में विटामिन-सी होता है, जो त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है, जबकि चुकंदर में मौजूद तत्व शरीर को साफ करते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले ताजे चुकंदर और नींबू को अच्छे से धोकर छील लें, फिर उन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इन टुकड़ों को मिक्सी में डालकर पीस लें और इसमें थोड़ा चीनी या शहद मिलाएं। फिर इसे ठंडा-ठंडा परोसें और इसका आनंद लें।

### चुकंदर और पुदीने का जूस

पुदीना पाचन को सुधारने में सहायक होता है और चुकंदर में मौजूद आयर्न खून के संचार को बेहतर बनाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले ताजे पुदीने के पत्ते और चुकंदर को अच्छे से धोकर छील लें, फिर उन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इन टुकड़ों को मिक्सी में डालकर पीस लें और इसमें थोड़ी चीनी या शहद मिलाएं। ठंडा-ठंडा परोसें और इसका आनंद लें।

### चुकंदर और अदरक का जूस

अदरक में मौजूद गरमाहट शरीर को गर्मी देती है, जबकि चुकंदर में मौजूद तत्व शरीर को साफ करते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले ताजे अदरक और चुकंदर को अच्छे से धोकर छील लें, फिर उन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इन टुकड़ों को मिक्सी में डालकर पीस लें और इसमें थोड़ा चीनी या शहद मिलाएं। फिर इसे ठंडा-ठंडा परोसें और इसका आनंद लें।

# गाजर के शौकीन हैं? जानिए इससे बनाए जाने वाले व्यंजनों की रेसिपी



गाजर एक पौष्टिक और स्वादिष्ट सब्जी है। यह न केवल सलाद में अच्छी लगती है, बल्कि इससे कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं। गाजर में विटामिन-ए, विटामिन-सी और फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं। आइए आज हम आपको गाजर से बनाए जाने वाले कुछ ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जो आपके खाने के स्वाद को बढ़ा देंगे और आपके मेहमान भी इसकी तारीफ करेंगे।

### गाजर का हलवा

गाजर का हलवा एक पारंपरिक भारतीय मिठाई है, जिसे खास मौकों पर बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले गाजरों को कदूकस करें और फिर उन्हें दूध में उबालें। दूध जब गाढ़ा हो जाए तो उसमें चीनी, घी, काजू और किशमिश डालकर पकाएं। अंत में इसमें इलायची पाउडर डालें और गर्मागर्म परोसें। यह मिठाई न केवल स्वादिष्ट है बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व भी आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं।

### गाजर का रायता

गाजर का रायता एक ताजगी भरा व्यंजन है, जिसे आप किसी भी मुख्य भोजन के साथ परोस सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले दही को अच्छे से फेंट लें और उसमें कदूकस की हुई गाजर मिलाएं। इसके बाद इसमें भुना जीरा पाउडर, नमक और थोड़ा सा लाल मिर्च पाउडर डालकर अच्छे से मिलाएं। यह रायता न केवल खाने को स्वादिष्ट बनाता है बल्कि पाचन क्रिया को भी सुधारता है।

### गाजर की सब्जी

गाजर की सब्जी एक सरल और पौष्टिक व्यंजन है, जिसे आप रोजाना बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले प्याज, टमाटर और अदरक-लहसुन का पेस्ट भूनें, फिर इसमें हल्दी, धनिया पाउडर और गरम मसाला मिलाएं। अब इसमें कटी हुई गाजर डालकर धीमी आंच पर पकाएं जब तक वे नरम न हो जाएं। अंत में हरी मिर्च और धनिया पत्ती डालकर गर्मागर्म परोसें। यह सब्जी न केवल स्वादिष्ट है बल्कि आपके स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है।

### गाजर का अचार

गाजर का अचार एक अनोखा और स्वादिष्ट अचार है, जिसे आप लंबे समय तक रख सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले गाजरों को लंबाई में काट लें और धूप में सुखा लें। अब सरसों तेल गर्म करके उसमें मेथी दाना, सौंफ दाना, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। इसके बाद सूखी हुई गाजरें डालकर अच्छे से मिलाएं और बोतल में भर दें। यह अचार आपके खाने को अलग ही स्वाद दे सकता है।

### गाजर की खीर

गाजर की खीर एक मीठा व्यंजन है, जिसे आप किसी भी खास मौके पर बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले दूध को उबालें और उसमें कदूकस की हुई गाजर डालें। धीमी आंच पर पकने दें जब तक कि गाजर नरम न हो जाएं। अब इसमें चीनी डालें और अच्छे से मिलाएं। अंत में इलायची पाउडर डालें और ठंडा होने पर परोसें। यह खीर स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पौष्टिक भी है।

## ईरान को पूरी तरह बर्बाद करके मानेगा अमेरिका? चीन रवाना होने से पहले ट्रंप का बड़ा बयान

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। चीन रवाना होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य ताकत लगभग खत्म हो चुकी है और अमेरिका यह लड़ाई शांतिपूर्वक या फिर किसी भी तरह जीतकर रहेगा। ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या वह ईरान मामले में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की किसी भूमिका की उम्मीद करते हैं, तो उन्होंने कहा, नहीं, मुझे नहीं लगता कि हमें ईरान के मामले में किसी की मदद की जरूरत है। हम किसी न किसी तरीके से जीतेंगे।

ट्रंप ने अपने बयान में आगे कहा, हम इसे शांतिपूर्वक भी जीत सकते हैं या फिर किसी और तरीके से। उनकी नेवी खत्म हो चुकी है, एयरफोर्स खत्म हो चुकी है और उनकी वार मशीन का हर हिस्सा तबाह हो चुका है। उन्होंने आगे कहा कि ईरान सैन्य रूप से हार चुका है। ट्रंप के मुताबिक, वे या तो सही फैसला करेंगे या फिर हम काम पूरा कर देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान पर लगाए गए समुद्री प्रतिबंध और नाकेबंदी को भी पूरी तरह सफल बताया। उन्होंने कहा, यह नाकेबंदी बेहद प्रभावी है। यह 100 प्रतिशत सफल रही है।

वहीं, नाटो पर नाराजगी जाहिर करते हुए ट्रंप ने कहा कि उसने मुश्किल समय में अमेरिका का साथ नहीं दिया। ट्रंप ने कहा, नाटो मेरे लिए बेहद निराशाजनक रहा। जब हमें उनकी जरूरत थी तब वे हमारे साथ नहीं थे। हमें नाटो की जरूरत नहीं है, लेकिन अगर जरूरत पड़ती भी, तो वे वहां मौजूद नहीं थे। वहीं, मार्क रुट ने नाटो के भविष्य को लेकर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में ईरान से जुड़ा संकट वैश्विक सुरक्षा के केंद्र में है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि नाटो के भविष्य और उसकी मजबूती को लेकर वह बेहद आशावादी हैं।

## दुनिया के सबसे लोकप्रिय लीडर हैं नरेंद्र मोदी, विदेशी नेता ने प्रधानमंत्री की शान में पढ़े कसीदे

ओस्लो(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 18 से 19 मई के बीच नॉर्वे दौरे से पहले उनकी अंतरराष्ट्रीय छवि और नीतियों की जमकर तारीफ की गई है। नॉर्वे के पूर्व मंत्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यानी कि यूएनईपी के पूर्व प्रमुख एरिक सोलहाइम ने प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने यह बयान नॉर्वे के प्रमुख अखबार डैगेन्स नेरिंग्सलिव में प्रकाशित एक लेख में दिया। सोलहाइम ने लिखा कि पश्चिमी देशों के नेताओं को प्रधानमंत्री मोदी के लगातार हरित (ग्रीन) संदेश से बहुत कुछ सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी की लोकप्रियता और नेतृत्व शैली उन्हें एक परिवर्तनकारी नेता बनाती है।

सोलहाइम ने लिखा कि किसी भी बड़े देश में इतना लोकप्रिय नेता नहीं है जितना भारत में प्रधानमंत्री मोदी हैं। उनके अनुसार मोदी की लोकप्रियता करीब 70 प्रतिशत तक है और वे दुनिया के सबसे प्रभावशाली लोकतांत्रिक नेताओं में शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था मोदी के नेतृत्व में तेजी से बढ़ रही है और यह लगभग 7 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रही है, जो कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से अधिक है। उन्होंने कहा कि मोदी का जन्म गुजरात के वडनगर में एक साधारण परिवार में हुआ था और उन्होंने अपने प्रयासों से देश के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता बनने तक का सफर तय किया। सोलहाइम ने प्रधानमंत्री मोदी को हरित विकास का संरक्षक बताया। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है। उन्होंने भारत में आधुनिक हवाई अड्डों, बेहतर सड़कों और बड़े पैमाने पर सौर और जल विद्युत परियोजनाओं का उल्लेख किया।

# कैद में पाकिस्तान के पूर्व पीएम, बहनों को भाई इमरान खान से मिलने की फिर नहीं मिली इजाजत

इस्लामाबाद, (आरएनएस)। पाकिस्तान की अदियाला जेल में बंद पूर्व वजीर-ए आजम (प्रधानमंत्री) और पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ के संस्थापक इमरान खान की बहनों को एक बार फिर पुलिस ने मिलने नहीं दिया। उनके साथ खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी भी थे। यह जानकारी बुधवार को स्थानीय मीडिया ने दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए, इमरान खान की बहन अलीमा खान ने कहा कि इमरान खान से मिलने से मना करना कोर्ट की अवमानना है। नियमों के हवाले से उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने हर मंगलवार और गुरुवार को फैमिली मीटिंग के साफ ऑर्डर दिए हैं; इसके बावजूद उन्हें भाई इमरान से मिलने नहीं दिया गया। अलीमा



खान ने कहा, इमरान खान सिर्फ हमारे भाई ही नहीं, बल्कि पीटीआई नेता भी हैं, इसलिए हमने कहा कि हमें आप सबकी (प्रेस) जरूरत है। यहां आएं और दबाव बनाएं ताकि इमरान खान को अस्पताल में सही इलाज मिल सके...इमरान खान ने 128 दिनों तक धरना दिया था। उन्होंने दिन-रात सड़कों पर बिताए। सभी को थोड़ी हिम्मत दिखानी होगी। यह मुश्किल समय है, और हम जो कर सकते हैं, कर रहे हैं।

पीटीआई लगातार इमरान खान की पुलिस हिरासत में सही मेडिकल केयर न करने का आरोप लगाती रही है। हाल ही में उन्होंने 1,000 दिन पूरे होने के बावजूद हिरासत में रखने को राजनीतिक उत्पीड़न का कृत्य बताया था। दल के अनुसार पूर्व पीएम के संवैधानिक और न्यायिक अधिकारों की साफतौर पर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।सूत्रों ने पीटीआई के केंद्रीय सूचना सचिव वकास अकरम के हवाले से कहा कि पीटीआई संस्थापक इमरान खान को राजनीतिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ रहा है, क्योंकि मौजूदा सरकार उनकी लोकप्रियता और स्वतंत्र नजरिए से डरती है। यही वजह है कि उन्हें साइडलाइन करने की कोशिश की जा रही है।अकरम ने कहा कि इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा बर्ताव किया जा रहा है। पीटीआई संस्थापक को अकेले कैद में रखा जा रहा है, जबकि उनके परिवार, वकीलों और पार्टी लीडरशिप को उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है, जो बुनियादी इंसानी और कानूनी अधिकारों का साफ उल्लंघन है।

73 साल के खान अगस्त 2023 से जेल में हैं, जिसे पीटीआई राजनीति से प्रेरित कदम बताती रही है। 2022 में नो-कॉन्फिडेंस वोट के जरिए ऑफिस से हटाए जाने के बाद से, इमरान खान पर कई केस चल रहे हैं। इनमें सरकारी उपहार हासिल करने और गैर-कानूनी शादी के आरोप भी शामिल हैं।

## ईटीजीई की ट्रंप से अपील, जिनपिंग के सामने उठाएं ईस्ट तुर्किस्तान और तिब्बत का मुद्दा

वाशिंगटन(ए.)। ईस्ट तुर्किस्तान गवर्नमेंट-इन-एक्साइल (ईटीजीई) और ईस्ट तुर्किस्तान नेशनल मूवमेंट (ईटीएनएम) ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपील की है कि वे बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ होने वाली बैठक के दौरान चीन ईस्ट तुर्किस्तान और तिब्बत में किए जा रहे कथित नरसंहार और औपनिवेशिक कब्जे का मुद्दा उठाएं। राष्ट्रपति ट्रंप बुधवार को दो दिवसीय उच्चस्तरीय शिखर वार्ता के लिए चीन की राजकीय यात्रा पर रवाना हुए। लगभग एक दशक में किसी मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति की यह पहली चीन यात्रा मानी जा रही है। ट्रंप से की गई अपील में ईटीजीई ने आरोप लगाया कि चीनी कब्जे वाले ईस्ट तुर्किस्तान (जिसे चीन का शिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र भी कहा जाता है) में उइगर, कजाख, किर्गिज और अन्य तुर्किक समुदायों के खिलाफ चल रहे कथित नरसंहार का आदेश दिया था। निर्वासित संगठन का दावा है कि इस अभियान को अब 13 साल होने वाले हैं।निर्वासित संगठनों ने अमेरिकी राष्ट्रपति से यह भी आग्रह किया कि शिखर सम्मेलन के दौरान ऐसा कोई समझौता न किया जाए जो ईस्ट तुर्किस्तानी और तिब्बती लोगों के नरसंहार और दासता को बढ़ावा दे।

## बांग्लादेश ने दी कड़ी प्रतिक्रिया, कहा- कटीले तारों से नहीं डरता ढाका

### सीमा पर बाड़ लगाने के फैसले से गरमाया माहौल

ढाका,(ए.)। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नई सरकार ने सीमा सुरक्षा को लेकर अपने तेवर कड़े कर लिए हैं। मंत्रिमंडल की पहली ही बैठक में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भूमि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया को मंजूरी दे दी गई है। बंगाल सरकार के इस बड़े फैसले के बाद पड़ोसी देश बांग्लादेश की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। बांग्लादेश सरकार ने स्पष्ट लहजे में कहा है कि वह कटीले तारों या बाड़बंदी से नहीं डरता, लेकिन सीमा पर होने वाली मौतों को लेकर वह चुप नहीं बैठेगा।

बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर ने ढाका में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि चुनावी बयानबाजी और



शासन दो अलग बातें हैं। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सीमा पर नागरिकों की हत्याएं जारी रहीं, तो हालात पहले जैसे नहीं रहेंगे। बांग्लादेश का मानना है कि यदि भारत दोस्ती बढ़ाना चाहता है, तो उसे सीमा सुरक्षा के मामलों में अधिक मानवीय और नरम रवैया अपनाना चाहिए। कबीर ने यह भी साफ किया कि उनका प्राथमिक रिश्ता भारत की केंद्र सरकार के साथ है और वे पश्चिम बंगाल की आंतरिक राजनीति में दखल नहीं देना चाहते, लेकिन वे इस बात पर पैनी नजर रखेंगे कि क्या नई सरकार अपनी राजनीतिक बयानबाजी को राज्य की नीति में बदलती है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के बीच करीब 2,216 किलोमीटर लंबी सीमा है, जिसमें से लगभग 569 किलोमीटर का हिस्सा अब भी बिना बाड़ के है। लंबे समय से यह मुद्दा राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय रहा है।हाल ही में कलकत्ता हाई कोर्ट ने भी राज्य सरकार को सीमावर्ती जिलों में जमीन का इंतजाम करने का आदेश दिया था। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को अगले 45 दिनों के भीतर पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री के अनुसार, बाड़ लगाने के लिए आवश्यक करीब 90 प्रतिशत भूमि पहले ही अधिग्रहित की जा चुकी है, जिसे अब जल्द ही बीएसएफ को सौंप दिया जाएगा।

# पहले टारगेट को निशाना बनाने घंटों लगते थे, अब ऐसे फैसले सेकंड में होते हैं

### -पेंटागन ने 'प्रॉजेक्ट मेवन' 2017 में शुरू किया था, जब टेक्नॉलजी में चीन से पिछड़ा

वॉशिंगटन,(ए)। पेंटागन की चाहत आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) को सैन्य अभियानों से जोड़ने की थी। किताब में कैटरीना ने मरीन कर्नल ड्रयू कुकोर के इसे लेकर ऑब्सेशन पर फोकस किया है। पेंटागन ने 'प्रॉजेक्ट मेवन' 2017 में तब शुरू किया था, जब उसे लगा कि वह एआई टेक्नॉलजी में चीन से पिछड़ रहा है। इस प्रॉजेक्ट में ड्रोन फुटेज का विश्लेषण एल्गोरिदम के



जरिये किया जाता था। एक पत्रकार जिन्होंने इस प्रॉजेक्ट से वाकिफ करीब 200 लोगों से बातचीत कर कई ऐसी जानकारियां दी हैं, जिनसे दुनिया अनजान है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किताब की शुरुआत पेंटागन के मध्यम रोशनी वाले एक कमरे से होती है, जिसमें कर्नल ड्रयू बैठे हैं और वह अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की बढ़ती मौत की घटनाओं से हताश हैं। वहां वह एआई के सैन्य अभियानों में इस्तेमाल के लिए एक टीम बनाते हैं। कर्नल कल्पना करते हैं कि यह टीम उन्हें रियल टाइम डेटा देगी ताकि फौज को बढ़त हासिल हो सके। उनकी इस कल्पना से प्रॉजेक्ट मेवन का जन्म होता है। इसके लिए शुरुआत में पेंटागन, गूगल से उसकी कंप्यूटर विजन टेक्नॉलजी के लिए पार्टनरशिप करता है ताकि बड़े पैमाने पर ड्रोन्स से मिल रहे डेटा को स्कैन किया जा सके। हालांकि, कर्मचारियों के विरोध की वजह से गूगल के इस प्रॉजेक्ट से बाहर होने के बाद उसकी जगह पलानटिर, एमेजॉन, माइक्रोसॉफ्ट और एंथ्रोपिक जैसी कंपनियां लेती हैं।

## खेल समाचार

# 13 साल बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ मैदान पर उतरेगी मुंबई

### प्रीति जिंटा को उम्मीद किंग्स पंजाब जीतेगी अगले मैच

धर्मशाला (आरएनएस)। आईपीएल के शुरुआती दौर पर शीर्ष पर रहने वाली किंग्स पंजाब की मुश्किलें बढ़ती नज़र आ रही हैं। लगातार चार मैचों की हार की चिंता किंग्स पंजाब को अब सताने लगी है। वीरवार को मुंबई के साथ होने वाले मैच में किंग्स पंजाब के सामने करो या मरो की स्थिति होगी। पॉवरप्ले पर बने रहने के लिए पंजाब को अपने होम ग्राउंड धर्मशाला में होने वाले दोनों मैच जीतने होंगे, वरना किंग्स पंजाब पहले चार स्थानों से बाहर हो जाएगी। एचपीसीए से मोहित सूद ने बताया की वीरवार को होने वाले मैच को लेकर आज मुंबई इंडियन की दोनों टीमों ने देर शाम 6 से 9 बजे तक अभ्यास सत्र में भाग लिया।




आपको बता दें कि 13 साल पहले इसी माह 18 मई को मुंबई की टीम पंजाब के ख़िलाफ़ इस मैदान पर उतरी थी लेकिन तब उसे हार का सामना करना पड़ा था। मुंबई की और से रायन रिकेलटन, तिलक वर्मा, बुमराह व ट्रेंट बोल्ट पर टीम की नज़र रहेगी। वहीं प्रीति जिंटा को उम्मीद है की उनकी टीम मुंबई के ख़िलाफ़ जीत दर्ज कर वापसी करेगी।

पिछले कई मैचों से डगआउट पर बैठे रोहित शर्मा के धर्मशाला में खेलने को लेकर फैन्स में खासा उत्साह है। पहले भी मुंबई की टीम धर्मशाला ग्राउंड पर खेल चुकी है व पिच की भौगोलिक परिस्थितियों से वाकिफ हैं। घातक बैटिंग धर्मशाला में देखने की मिल सकती है वे पिछले कुछ मैचों से बेहतर परफॉर्म में हैं।

**मुंबई का धर्मशाला क्रिकेट ग्राउंड पर रिकॉर्ड**

का सामना मुख्य रूप से पंजाब किंग्स से हुआ है। जिसने हुए कुल 3 मैचों पर मुंबई को एक मैच में जीत मिली है जबकि दो मैच पर किंग्स पंजाब जीते हैं। इसके अलावा मुंबई की ओर से जसप्रीत बुमराह ने सर्वश्रेष्ठ एक मैच पर 3 विकेट अपने नाम किए हैं।

## गुजरात ने हैदराबाद को हराकर पहले स्थान पर किया कब्जा, प्लेऑफ का टिकट लगभग कंफर्म

नईदिल्ली, (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 56वें मैच में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रनों से हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज कर ली. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 168 रन बनाने के बाद गुजरात ने हैदराबाद को 14.5 ओवर में केवल 86 रनों पर ही समेट दिया।

इस शानदार जीत के साथ गुजरात टाइटंस 12 मैच में 8 जीत के साथ अंक तालिका में सबसे ऊपर पहुंच गया. उसके कुल अंक 16 हो गए हैं, जिसकी वजह से उनका प्लेऑफ में पहुंचना लगभग कंफर्म हो गया है।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने साईसुदर्श के 44 गेंद में 61 और वाशिंगटन सुंदर के 33 गेंद में 50 रनों की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाने में सफल रहा. हैदराबाद की तरफ से प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन ने 2-2 विकेट लिए, जबकि कप्तान कमिंस को एक विकेट मिला।

वहीं दूसरी और 168 रनों के जवाब में हैदराबाद के बल्लेबाज गुजरात के गेंदबाजों के सामने सुपर फ्लॉप रहे और 86 के स्कोर पर ही ढेर हो गए. कमिंस सबसे ज्यादा 19 रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे. गुजरात की तरफ से कगिसो रबाड़ा और जैसन होल्डर सबसे सफल गेंदबाज रहे. रबाड़ा ने 4 ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि होल्डर 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट हासिल किए. इसके अलावा प्रसिद्ध ने दो विकेट झटके, जबिक सिराज और राशिद खान को एक-एक विकेट मिला।

कगीसो रबाड़ा को शानदार गेंदबाजी की वजह से प्लेयर ऑफ दि मैच के अवॉर्ड दिया गया. उन्होंने अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और सिमरन रविचंद्रन का विकेट हासिल करके हैदराबाद के बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी थी. यह दूसरी बार है जब गुजरात टाइटंस के सीमर्स ने आईपीएल की एक पारी में 9 विकेट लिए हैं; इससे पहले 2023 में हैदराबाद में इसी टीम के खिलाफ उन्होंने 9 विकेट लिए थे।

## आईपीएल 2026: साई सुदर्शन ने लगातार तीसरा अर्धशतक लगाकर पूरे किए 500 रन, जानिए उनके आंकड़े

नईदिल्ली, (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 56वें मैच में गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अर्धशतकीय पारी (61) खेली। यह उनका मौजूदा सीजन में लगातार तीसरा अर्धशतक रहा। अपनी इस अर्धशतकीय पारी के दौरान उन्होंने आईपीएल 2026 में 500 रन भी पूरे किए। वह इस सीजन में 500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने। आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। शुभमन गिल (5) और जोस बटलर (7) के जल्दी आउट होने के बाद सुदर्शन ने संभलकर बल्लेबाजी की। अपनी शुरुआती 15 गेंदों में 13 रन बनाने वाले सुदर्शन ने क्रीज पर टिकने के बाद रन गति में इजाफा किया। सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजों के खिलाफ उन्होंने 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस बीच उन्होंने वाशिंगटन सुंदर के साथ 60 रन की साझेदारी निभाई। वह 44 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की बदौलत 61 रन बनाकर आउट हुए। सुदर्शन ने आईपीएल 2026 में 12 पारियों में 41.75 की औसत और 155.10 की स्ट्राइक रेट के साथ 501 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने एक शतक और 5 अर्धशतक लगाए। गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजों में उनके बाद गिल ने 467 रन बनाए हैं। सुदर्शन ने पहला आईपीएल मुकाबला 2022 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 52 मैच खेले हैं और इसकी 52 पारियों में लगभग 48 की औसत से 2,250 से अधिक रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 17 अर्धशतक के अलावा 3 शतक भी निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 108* रन रहा है।

## सीएसके टीम के साथ लखनऊ जाएंगे धोनी, टिकट हुआ बुक : कासी विश्वनाथन

### सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में उतरने की संभावना




मुम्बई (ए.)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने अब तक इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेला है पर वह शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में खेल सकते हैं। इसका अंदाजा घोनी के टीम के साथ उड़ान भरने को लेकर लगाया जा रहा है। ऐसे में अगर वह खेलते हैं तो इस सत्र में उन्हें खेलते हुए देखने का प्रशंसकों का सपना पूरा हो सकता है। धोनी फिट न होने के कारण शुरुआत से ही बाहर हैं। धोनी अपनी शानदार फिनिशिंग और विकेटकीपिंग के लिए जाने जाते हैं, पिंडली की चोट के कारण वह पूरे सीजन से बाहर रहे हैं। उनके बाहर होने से सीएसके के प्रशंसकों को निराश हुई है। प्रशंसक उन्हें एक बार फिर खेलते हुए देखना चाहते हैं। फैंस की चाहत है कि अगर वो मैदान पर नहीं उतर सकते तो कम से कम टीम के किसी मैच में मौजूद रहें।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने भी कहा है कि धोनी का लखनऊ के लिए टिकट बुक है। टीम शुक्रवार रात को एलएसजी से खेलने वाली है और इसमें धोनी की मौजूदगी से टीम का मनोबल बढ़ेगा। सीएसके इस समय प्लेऑफ की दौड़ में है और अंक तालिका में शीर्ष चार में जगह बनाने का प्रयास कर रही है। साल की खराब शुरुआत के बाद टीम ने लगातार तीन जीत दर्ज की हैं, जिससे उनकी स्थिति मजबूत हुई है। ऐसे में धोनी के साथ होने से टीम को मनोबल बढ़ेगा। यदि धोनी मैदान पर उतरते हैं, तो उनकी बल्लेबाजी सीएसके के निचले क्रम को मजबूती देगी और इसके साथ ही कप्तानी को भी अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा।

## ढाका टेस्टः नाहिद राणा ने पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार चटकाया 5 विकेट हॉल, जानिए आंकड़े

नईदिल्ली, (आरएनएस)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ शेर-ए बांग्ला स्टेडियम में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए। यह उनके टेस्ट करियर का दूसरा और पाकिस्तान टीम के खिलाफ पहला ही 5 विकेट हॉल रहा। उनकी गेंदबाजी की बदौलत ही बांग्लादेश की टीम मैच में 104 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज करने में सफल रही। आइए उनकी गेंदबाजी और आंकड़े जानते हैं।

राणा ने दूसरी पारी में 268 रन का लक्ष्य लेकर उतरी पाकिस्तान टीम को 68 रन के स्कोर पर शान मसूद (2) के रूप में तीसरा झटका देते हुए पारी में अपने विकेटों का खाता खोला। इसके बाद उन्होंने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए सऊद शकील (15), मोहम्मद रिजवान (15), नोमान अली (4) और शाहीन अफरीदी (0) को भी अपना शिकार बनाया। राणा ने पारी में 9.5 ओवर में 2 मेडन के साथ 40 रन खर्च कर ये सफलताएं अर्जित की।

राणा ने पाकिस्तान के खिलाफ अब तक 3 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसकी 6 पारियों में 31.75 की औसत और 4.65 की इकॉनमी से 12 विकेट चटकाने में सफल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने एक बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इसी मैच में आया है।

## बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 104 रनों से दी शर्मनाक शिकस्त

नईदिल्ली, (आरएनएस)। बांग्लादेश ने ढाका में खेले गए पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन पाकिस्तान को 163 रनों पर ऑल आउट करके 104 रनों से मात दे दी. ये बांग्लादेश की अपनी जमीन पर पाकिस्तान के खिलाफ पहली जीत है।

268 रनों के जवाब में पाकिस्तान की दूसरी पारी 163 रनों पर ही सिमट गई. जिसमें अब्दुल्लाह फजल ने सबसे ज्यादा 66 रन बनाए. इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज बांग्लादेशी गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर तक नहीं टिक सका. नहीद राणा ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए जबकि तैजुल इस्लाम और तस्कीन अहमद को 2-2 विकेट मिले. मेहदी हसन मिराज एक विकेट लेने में सफल रहे।

बता दें कि बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में मोमिनुल हक के 91, कप्तान नजमुल हसन शांतो के 101 और मुशफिकुर रहीम के 71 रनों की बदौलत 413 रन बनाए थे. वहीं पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद अब्बास ने सबसे ज्यादा 5 विकेट झटके थे।

वहीं पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में अजान ओवैस के 130, अब्दुल्ला फजल के 60, सलमान आगा के 58 और मोहम्मद रिजवान के 59 रनों की बदौलत 386 रन बना सकी थी. जिसकी वजह से बांग्लादेश को 27 रनों की बढ़त भी मिल गई. बांग्लादेश की तरफ से मेहदी हसन पांच विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे।

इसके बाद बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में नजमुल हसन के 87 और मोमिनुल हक के 56 रनों की बदौलत 9 विकेट पर 240 के स्कोर पर घोषित कर दी, जिससे पाकिस्तान को 268 रनों का टारगेट मिला, लेकिन मेहमान टीम 163 रनों पर ही ढेर हो गई. जिससे बांग्लादेश को 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त मिल गई।

# स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लहराया सफलता का परचम




















नर्मदापुरम (निप्र)। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025.26 के घोषित परिणामों में स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूलए नर्मदापुरम के विद्यार्थियों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत.प्रतिशत रहा।कॉमर्स संकाय में कु अदिति राजपूत ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कियाए प्रियांशी सराठे 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं रक्षा यादव ने 78.4 प्रतिशत लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में प्रियांश गौर ने 88.8 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा खुशी रावत ने 86.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान एवं श्रेया दुबे ने 80 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।इसके अतिरिक्त कक्षा 12वीं के के विभिन्न विषयों में कुल 20 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। अनुप्रिया डबले इंग्लिश 91 प्रतिशत म्यूजिक.98 प्रतिशत प्रियांशु गौर.हिंदी.93 प्रतिशत केमिस्ट्री.96 प्रतिशत शुभम कुमार पांडे.पीई.92 प्रतिशत अनामिका कीर हिंदी .91 प्रतिशत प्रियांशी वर्मा.पीई.92 प्रतिशत बायोलॉजी.93 प्रतिशत प्रियांशी सराठे म्यूजिक.96 प्रतिशत वैष्णवी मीणा. इंग्लिश.90 प्रतिशत हिंदी 90 प्रतिशत बायोलॉजी.91 प्रतिशत श्रेया दुबे.इंग्लिश. 95 प्रतिशत म्यूजिक. 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता ने एक बार फिर विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण तथा समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन को सिद्ध किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आशीष चटर्जी एवं सुभाशीष चटर्जी, प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी, जनरल मैनेजर श्रीमती सोनल सोखी, उपप्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी पलोहिया सहित समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिवार ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग को दिया है।

## शांतिनिकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा 92 प्रतिशत




नर्मदापुरम। सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा 2026 में शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था शांति निकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों नें उच्चतम अंक प्राप्त कर जिलें में अपनी सफलता का परचम लहराया है। कक्षा 12 वीं सीबीएसई का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा। स्कूल में कक्षा 12 वीं में 103 विद्यार्थी शामिल थे। जिसमें कामर्स विषय में शौर्या गौर ने 95.8 प्रतिशत, अक्षरा सैनी ने 95.6 प्रतिशत, आध्या टंडन 92.2 प्रतिशत वायोलाजी, महक मौर्या 95 प्रतिशत ह्यूमेनिटीस, प्रिया कुमावत 91 प्रतिशत ह्यूमेनिटीस् में अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के इन सभी होनहार विद्यार्थियों को स्कूल के प्राचार्य डॉ केएम जार्ज, स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती ग्रेस जार्ज, सहित स्कूल परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# 96 प्रतिशत के साथ समेरिटंस की तुमसी रावत जिले में अव्वल



















## कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 98.8 प्रतिशत

नर्मदापुरम (निप्र)। सीबीएसई द्वारा कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम बुधवार दोपहर को घोषित किए गए। परीक्षा परिणामों में एक बार फिर समेरिटंस के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करते हुए विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया। विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 98.8 प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा तुमसी रावत ने सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय से इस वर्ष परीक्षा में कुल 174 विद्यार्थियों ने परीक्षा दीए जिसमें 97 बालक और 77 बालिकाएं थीं। विद्यालय के मैथ्स संकाय से 51, बॉयोलॉजी से 21, कॉमर्स से 82, ह्यूमेनिटीस् संकाय से 20 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 11 विद्यार्थियों ने परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। जबकि 41 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के कुल 126 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और 43 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

### विद्यालय में प्रसन्नता की लहर

मंगलवार दोपहर जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुए विद्यालय में विद्यार्थियों के आने का क्रम आरंभ हो गया।परिणाम आने पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के चेहरे पर उल्लास स्पष्ट देखा जा सकता था। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर खुशियां मनाई। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा और प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ शर्मा ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के सतत परिश्रम और शिक्षकों के योग्य मार्गदर्शन को दिया।

### ये रहे टॉपर

ह्यूमेनिटी.
तुमसी रावत- 96 प्रतिशत
नित्या तिवारी- 93 प्रतिशत

### मैथ्स

रिद्धिमा रायकववार- 90.2 प्रतिशत
हिमांषी परसाई- 89.3 प्रतिशत

### बॉयोलॉजी

हर्षिता रावत- 88.2 प्रतिशत
अवनी गौर- 84.6 प्रतिशत
कॉमर्स.अर्पित कुमार दुबे- 94 प्रतिशत
भूमिका शर्मा- 88.8 प्रतिशत

### बायां के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

समेरिटंस स्कूल बायां के कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहे। विद्यालय से परीक्षा में शामिल सभी 12 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की। विद्यालय के 9 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और 3 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। विद्यालय के छात्र सिद्ध दीवान ने कॉमर्स संकाय से सर्वाधिक 91 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि विज्ञान संकाय की छात्रा मधु जाट ने सर्वाधिक 79 प्रतिशत अंक अर्जित किए। संस्था की प्राचार्य श्रीमती अपर्णा तिवारी ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके परिश्रम को देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने शिक्षकों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन के मार्गदर्शनए शिक्षकों के कुशल शिक्षण और विद्यार्थियों के अभ्यास के चलते विद्यालय का परिणाम अपेक्षा के अनुरूप रहा है।

### ये रहे टॉपर

कॉमर्स संकाय
सिद्ध दीवान- 91 प्रतिशत
विज्ञान संकाय
मधु जाट- 89 प्रतिशत

# कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश अनुसार जनसुनवाई के आवेदनों का एक ही दिन में हुआ निराकरण

### एसडीएम सिवनी मालवा ने आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए पहुंचाई आवेदनकर्ताओं को राहत






नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। सुशासन की दृष्टि से कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से विचार करते हुए आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।इसी क्रम में 12 मई 2026 को आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदकों को एक ही दिवस में राहत प्रदान की गई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा विजय राय को निर्देशित किया गया कि वे आवेदकों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुनकर तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। निर्देशों के अनुपालन में अनुविभागीय अधिकारी सिवनी मालवा द्वारा संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई की गई।

### नि:शुल्क राजस्व अभिलेख उपलब्ध कराए गए

ग्राम सीरूपुरा निवासी आवेदिका श्रीमती नर्मदीबाई द्वारा अपनी कृषि भूमि के वर्ष 1990-95 के खसरा पंचसाला एवं वर्तमान नक्शे की सत्यप्रतिलिपि प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवेदिका को बिना किसी अनावश्यक औपचारिकता के नि:शुल्क राजस्व अभिलेखों की सत्यप्रतिलिपि मौके पर ही उपलब्ध कराई गई।

### रास्ता विवाद का हुआ निराकरण

आवेदक गणेश प्रसाद पिता रविशंकर रघुवंशी निवासी ग्राम निरखी द्वारा रास्ता खुलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आवेदन पर कार्रवाई करते हुए अनुविभागीय अधिकारी द्वारा संबंधित हल्का पटवारी को तत्काल मौके पर पहुंचकर रास्ता खुलवाने एवं की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### राजस्व नकल आवेदन का एक ही दिवस में समाधान


आवेदिका सुमनबाई निवासी सोनखेड़ी तहसील डोलरिया द्वारा पुराने राजस्व प्रकरण की जानकारी एवं नकल प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। चूंकि संबंधित ग्राम पूर्व में तहसील सिवनी मालवा के क्षेत्राधिकार में था, इसलिए जिला अभिलेखागार से रिकॉर्ड की जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि मूल भूमि स्वामी वख्तार के निधन उपरांत उत्तराधिकारियों के नाम दर्ज करने हेतु आदेश पारित कर प्रकरण का निराकरण किया जा चुका है। इसकी विस्तृत जानकारी आवेदिका को प्रदान कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया।

## आज सोहागपुर में आयोजित होगा युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 14 मई 2026 को पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय, सोहागपुर में किया जाएगा। रोजगार मेले के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन हेतु कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। रोजगार मेले के संपूर्ण आयोजन का प्रभार अपर कलेक्टर नर्मदापुरम बृजेन्द्र रावत को सौंपा गया है, जबकि मेले के लिए नोडल अधिकारी के रूप में अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर सुश्री प्रियंका भल्लावी को नियुक्त किया गया है।

# रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर जिला प्रशासन की कार्रवाई जारी 04 वाहन जप्त

### पोकलेन मशीन सहित ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पुलिस अभिरक्षा में रखी गई





नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत एवं अन्य गौण खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग तथा बिना ढके रेत परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आकस्मिक जांच के दौरान तहसील नर्मदापुरम के ग्राम जासलपुर स्थित तवा नदी क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 01 पोकलेन मशीन एवं 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया। जप्त वाहनों को पुलिस थाना देहात नर्मदापुरम की अभिरक्षा में रखा गया है। इसके अतिरिक्त एसपीएम गेट नंबर-04 नर्मदापुरम से 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली को रेत खनिज का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया।

जिला प्रशासन द्वारा अवैध रेत परिवहन करने वाले वाहनों की लगातार जांच की जा रही है तथा यह सुनिश्चित कराया जा रहा है कि रेत का परिवहन निर्धारित नियमों के अनुसार ढककर एवं नियंत्रित गति से किया जाए। उक्त जप्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# 14 मई से प्रारंभ होगा विद्युत विभाग का उपभोक्ता संपर्क अभियान

### संपर्क अभियान के तहत पिपरिया में क्लस्टर अनुसार किए जाएंगे शिविर आयोजित

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा 14 मई 2026 से पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में उपभोक्ता संपर्क अभियान 2026 का शुभारंभ किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर, उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। शिविरों के दौरान शिकायतों का तत्काल निराकरण भी किया जाएगा। उपभोक्ता संपर्क अभियान के माध्यम से मात्र 05 रु. में नवीन ग्रामीण घरेलू एवं कृषि पंप कनेक्शन प्रदान किये जाएगे। साथ ही भार वृद्धि, नाम परिवर्तन, श्रेणी परिवर्तन, स्थाई कनेक्शन विच्छेदन, अस्थाई कनेक्शन, ई-केवाईसी, अनापत्ति प्रमाण पत्र, बंद/खराब मीटर बदलना, स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायते, सर्विस केबल सुधार, वोल्टेज की समस्या और ट्रांसफार्मर से जुड़ी शिकायतों बिजली बिलों का आंशिक एवं पूर्ण भुगतान, अग्रिम भुगतान पर छूट, बकाया राशि भुगतान, समाधान योजना तथा अन्य जनहितैषी योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान करने की सुविधाएं मिलेंगी।




बिजली उपभोक्ता संपर्क अभियान 2026 संबंधी किसी भी जानकारी के लिए नजदीकी बिजली वितरण केन्द्र / जोन अथवा कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर संपर्क कर सकते है।उप महाप्रबंधक म0प्र0म0क्षे0वि0वि0कं लिमिटेड पिपरिया द्वारा जानकारी दी गई की 14 मई 2026 को वितरण केंद्र चांदौन अंतर्गत देवरी, वितरण केंद्र पचमढ़ी शहर अंतर्गत वार्ड नंबर 2 वार्ड नंबर 19, पिपरिया (ग्रा. द) अंतर्गत मटकुली, पिपरिया (ग्रा. उत्तर) अंतर्गत कन्हवार, बनखेड़ी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 एवं सांडिया अंतर्गत सहलवाड़ा। 16 मई को पिपरिया (ग्रा. उत्तर) अंतर्गत खापरखेड़ा, वितरण केंद्र पचमढ़ी शहर अंतर्गत वार्ड नं 2 एवं 1, में शिविर आयोजित किया जाएंगे। इसी प्रकार दिनांक 18 मई 2026 को वितरण केंद्र चांदौन अंतर्गत डगरिया, पिपरिया (ग्रा. द) अंतर्गत तरौन, में शिविर आयोजित किये जाएंगे।

## अमृत योजना एवं सीवर लाइन कार्यों का सिटी मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा नगर पालिका नर्मदापुरम क्षेत्र में अमृत योजना अंतर्गत पेयजल वितरण पाइपलाइन एवं एमपीयूडीसी द्वारा शहर में संचालित सीवर लाइन के प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नर्मदा महाविद्यालय के समीप मुख्य मार्ग पर संचालित पेयजल पाइपलाइन कार्य का जायजा लिया गया।

## सोहागपुर में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार राजस्व एवं खाद्य विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए सोहागपुर क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। कार्यवाही के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जांच की गई, जिसमें घरेलू उपयोग हेतु निर्धारित गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक गतिविधियों में उपयोग पाया गया। नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए कुल 5 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग गैस वितरण संबंधी नियमों के विरुद्ध है तथा इस प्रकार की अनियमितताओं पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com